इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -248 राजनांदगांव, गुरूवार 25 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

आम बजट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन

नयी दिल्ली। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के इन आरोपों को 'बेतुका' करार देते हुए सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि बजट भाषण में राज्यों का नाम न लेने का अर्थ यह नहीं है कि उन्हें नजरअंदाज किया गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूर्व में पेश किए गए बजट में भी सभी राज्यों का कभी उल्लेख नहीं रहा। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा, ''इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी।'' उन्होंने दावा किया कि बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, ''मैंने ऐसा बजट कभी नहीं देखा। यह सिर्फ किसी को खुश करने के लिएज्कुर्सी बचाने के लिएज यह सब हुआ है। हम इसकी निंदा करते हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक 'इंडिया' गठबंधन के दल इसकी निंदा करते हैं।'' खरगे ने आरोप लगाया कि जिन क्षेत्रों में विपक्षी पार्टी चुनकर आई है या जहां जनता ने सत्तारूढ़ पार्टी को नकार दिया है, उन

क्षेत्रों को बजट में नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि अगर बजट में संतुलन नहीं होगा तो विकास कैसे होगा? इसके बाद कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हाल ही में संपन्न आम चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी। बिहार की जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश की तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के समर्थन पर यह सरकार टिकी है। दोनों दल लंबे समय से अपने-अपने राज्यों के लिए विशेष दर्जे की मांग करते रहे हैं। सीतारमण ने मंगलवार को पेश बजट में आंध्र प्रदेश के लिए 60,000 करोड़ रुपये की घोषणा की और दक्षिणी राज्य के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों से 15,000 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त करने के लिए समर्थन का वादा किया। खरगे के आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि बजट भाषण में अक्सर हर राज्य का नाम लेना संभव नहीं होता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि राज्यों को नजरअंदाज किया गया है।

सीतारमण ने कहा कि उन्होंने बजट पेश करने के दौरान महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया लेकिन हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना (महाराष्ट्र) को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा वह कई अन्य राज्यों का हवाला दे सकती हैं जिन्हें बड़ी परियोजनाएं मिली हैं।

उन्होंने कहा, ''यदि भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं है तो क्या इसका मतलब यह है कि भारत सरकार की योजनाएं, भारत सरकार के कार्यक्रम, विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, एआईआईबी और इस तरह के संस्थानों से मिलने वाली विदेशी सहायता इन राज्यों में नहीं जाती है? वे एक तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहते हैं।'' वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के व्यय विवरण में मदवार राज्यों के आवंटन का जिक्र होता है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे ऐसा विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं कि बजट में राज्यों को कुछ नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, ''विपक्ष के नेता ने जो आरोप लगाए हैं, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

छत्तीसगढ़ विधानसभा घेरने निकले कांग्रेसी नहीं बढ़ सके आगे : पुलिस ने वॉटर कैनन चलाया, कई कार्यकर्ता चोटिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस आज बुधवार को विधानसभा घेराव करने निकली है। राज्य के कानून व्यवस्था और बलौदाबाजार हिंसा जैसे मुद्दों को लेकर आज विधानसभा घेराव करने निकली है। विधानसभा घेराव के लिए बरसते बादल के बीच प्रदेशभर से कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता मंडी गेट सभा स्थल पहुंचे। कांग्रेसियों ने बैरिकेड तोड़ दिया है और आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए विधानसभा मार्ग को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आने-जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने 5 लेयर की बैरिकेडिंग की है।

पायलट बोले-वो नींद में, हम जगाने आए

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की झड़प भी भी हुई है। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में बारिश के बीच विधानसभा घेराव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पंडरी के मंडी गेट पहुंचे।

आयोजित सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार में कलेक्टोरेट नहीं जली, भाजपा की सरकार में यह घटना क्यों घट रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के गुंडे लोग कोई भी थाना हो लगातार थानेदार को भड़का रहे हैं। आज कोई पुलिस वाला संविधान और कानून के तहत काम नहीं कर रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि जो बलौदाबाजार में सफेद कपड़ा पहने थे, उसको माता-पीता के सामने मारा जाता था। गिरोधपुरी में घटना घटी थी। 17 तारीख को सीबीआई की जांच कराने की मांग की गई। अगर जांच होती, तो घटना नहीं होती। आज तक कभी ऐसी घटना नहीं घटी है। पहली बार यह घटना घटी है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा के लोग मंच पर थे। पुलिस के लोग उन्हें क्यों पूछताछ नहीं कर रही है। यहां के ठेकेदार व्यापारी लोग काम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि नशाबाजी बढ़ गई है। नशेड़ी लोग पीट-पीट कर आदिवासी युवक को मार रहे हैं। उनका आरोप है कि मंत्रियों के संरक्षण में यह हो रहा है। पूर्व विधायक हैं, बच्चे हैं। किसी को कानून की कोई चिंता नहीं है। जैतखांभ काट दी गई, लेकिन आज तक कोई गिरफ्तार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सदन और सड़क दोनों ही जगह लड़ाई होगी।

बिहार में एंटी पेपर लीक बिल पास- नकल और परीक्षा में धांधली करने वालों को 10 साल की सजा, एक करोड़ तक जुर्माना

पटना। बिहार में नकल करने वालों की अब खैर नहीं। नीतीश सरकार पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एक सख्त कानून ला रही है। कानून के तहत पेपर लीक करने वालों को 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। 24 जुलाई यानी आज बिहार की विधानसभा में पेपर लीक कानून पास हो गया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद बिल राज्य में लागू हो जाएगा। बिल के मुताबिक, अब पेपर लीक को सीरियस क्राइम माना जाएगा। विधानसभा से कानून पास होने के बाद पेपर लीक मामले के आरोपियों पर नॉन बेलेबल धाराएं लगाई जाएंगी।नए कानून के लागू होते ही राज्य में किसी भी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने वाले को कड़ी सजा का मिलेगी। 3 से 10 साल की सजा और 10 लाख से 1 करोड़ तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। यह नियम राज्य सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होंगे। इसके अलावा जो भी संस्था पेपर लीक में शामिल होगी उसे चार साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

नए कानून में इस बात का भी प्रावधान

नए नियम के मुताबिक, पेपर लीक मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराई जाएगी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

भाजपा ने बजट के विरोध को बताया कांग्रेस की बौखलाहट, कहा- एनडीए को कमजोर करने की कोशिश हुई नाकाम

नई दिल्ली। कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा बजट के विरोध को भाजपा ने बौखलाहट का नतीजा करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा के अनुसार 2024-25 के बजट का सभी वर्गों ने स्वागत किया है और इसमें शिक्षा और रोजगार का विशेष ध्यान रखा गया है।

बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष सहायता के प्रविधान को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 2014 के बाद सभी बजट में पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर जोर देती रही है और यह सहायता भी उसी का परिणाम है। भाजपा ने कांग्रेस पर बिहार और आंध्र प्रदेश के विशेष राज्य के दर्जे मुद्दा उठाकर जदयू और टीडीपी को राजग से अलग करने की कोशिश की, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हो पाए। एकजुट और मजबूत राजग को देखकर कांग्रेस के नेता बौखलाहट में

बजट का विरोध कर रहे हैं।

बजट में संतुलित विकास पर जोर

भाजपा प्रवक्ता ने साफ किया कि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बजट में सिर्फ बिहार और आंध्रप्रदेश की बात नहीं है, बल्कि सभी राज्यों के संतुलित विकास पर जोर दिया गया है।

संतुलित विकास को ध्यान में रखते हुए ही इन दोनों राज्यों के लिए विशेष सहायता दी गई है। इसके साथ ही पूर्वोदय योजना के तहत देश के पूरे पूर्वी इलाके के विकास पर ध्यान दिया गया है, जिसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्रप्रदेश को शामिल किया गया है।

जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी : भाजपा

उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को दिखाते हुए कहा कि इसमें सिर्फ आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने का वायदा किया गया था। अब वही मोदी सरकार द्वारा राजधानी के निर्माण के लिए विशेष सहायता का प्रविधान का विरोध कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश की मौजूदा हालात के लिए पूरी तरह से कांग्रेस की पुरानी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वहां जनता कभी कांग्रेस को सभी माफ नहीं करेगी।

कांग्रेस के घोषणा पत्र के पांच और वादों को भी बजट में शामिल करे सरकार - चिदम्बरम

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पढ़े जाने के एक दिन बाद राज्यसभा में अपने भाषण में सरकार से पांच सवाल पूछे।

पी. चिदंबरम (जिन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया) ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से 400 रुपये दैनिक न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने और एमएसपी या न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करने की मांग की है। बता दें कि ये सभी मुद्दे वर्ष 2000 से आंदोलनरत किसानों की मुख्य मांग है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार से मार्च तक के शिक्षा ऋणों की बकाया राशि माफ करने, विवादास्पद अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को समाप्त करने तथा मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए (जो राज्य इसे नहीं चाहते हैं) नीट परीक्षा को समाप्त करने की भी मांग की। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर 'कृपया, कुछ और कॉपी करें' का तंज भी कसा।

चिदंबरम का भाषण चार प्रमुख मुद्दों पर आधारित

चिदंबरम का भाषण चार प्रमुख मुद्दों पर आधारित था, जिनमें से पहला मुद्दा बेरोजगारी था। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ने अनुमान लगाया है कि जून 2024 में अखिल भारतीय बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत होगी। उन्होंने आगे कहा कि अब, पहले एक *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

सात हजार करोड़ से अधिक का पहला अनुपूरक बजट, महतारी वंदन योजना के लिए 4900 करोड़ रुपये

रायपुर। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान 7,329 करोड़ 35 लाख 62 हजार 700 रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे ज्यादा महतारी वंदन योजना के लिए करीब 5,000 करोड़ रुपये का प्रविधान है। इसके लिए राज्य सरकार को 29 करोड़ 84 लाख रुपये ब्याज का भुगतान करना होगा। अनुपूरक बजट को सत्तापक्ष के विधायकों ने जहां इसे राज्य के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए बड़ा कदम बताया, वहीं विपक्ष ने इसे सिर्फ कुछ विधानसभा क्षेत्रों का बजट बताया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रावधान को सदन में रखा। बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। चालू वित्तीय वर्ष का यह पहला अनुपूरक बजट रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनुपूरक बजट को लेकर कहा कि सभी वर्ग व जिलों को ध्यान में रखते हुए राशि का प्रविधान किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अनुपूरक बजट कुछ

विधानसभा तक सिमट कर रहा गया है।

81 अलग-अलग विभागों के लिए बजट

राज्य सरकार ने 81 अलग-अलग विभागों के लिए अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसरंचना, बिजली, पानी, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार आदि के लिए राशि का अनुमोदन किया गया है। प्रदेश में तीन सीएसपी कार्यालय खुलने के साथ ही राजधानी के कौशल्या विहार (कमल विहार) में नया थाना खुलेगा।

अलग-अलग जिलों को लेकर यह प्रमुख प्रावधान

जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में रिंग रोड का निर्माण लंबाई 26.00 किमी. (अनुमानित लागत 8200 लाख), जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ का फोर लेन मार्ग निर्माण लंबाई 8.00 किमी. (अनुमानित लागत 5900 लाख), जिला जशपुर के कलिया फगनू दुकान से धरसा जंगल (टोगो टोली) मार्ग लं. 2.50 किमी. (अनुमानित लागत 700 लाख) निर्माण कार्य, जिला जशपुर के बेहरा खार अटल चौक से कुरूम धोरहा मार्ग लं. 4.00 किमी. (अनुमानित लागत 600 लाख) का निर्माण, पंडरी पुराना बस स्टैंड चौक रायपुर से केनाल लिंकिंग मार्ग अंतर्गत एमएमआइ चौक, रायपुर तक पुराने स्ट्रीट लाइट के स्थान पर नए एलइडी स्ट्रीट लाईट, डेकोरेटिव पोल के साथ, सीसीटीवी, सोलर ब्लिंकर इत्यादि प्रदाय एवं स्थापना (लं. 4.00 किमी.) (अनुमानित लागत 1040 लाख) का कार्य, रायपुर स्थित भारतमाता चौक *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

राहुल गांधी ने की किसान नेताओं से मुलाकात, एमएसपी गारंटी के लिए सरकार पर दबाव बनाने का दिया भरोसा

नई दिल्ली। संसद में छात्रों का मुद्दा उठाने के बाद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को किसान नेताओं से चर्चा के दौरान एमएसपी की कानूनी गारंटी की किसानों की मांग को मुखर समर्थन देने का एलान कर दिया।

संयुक्त किसान मोर्चा के दर्जन भर नेताओं के साथ हुई अपनी बैठक में राहुल गांधी ने एमएसपी की कानूनी गारंटी को किसानों का अधिकार बताते हुए आश्वासन दिया कि आईएनडीआईए गठबंधन इस मामले में किसानों के साथ है।

संसद भवन में नेता विपक्ष के कार्यालय में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक से आए 12 किसान नेताओं की राहुल गांधी के साथ बैठक हुई, जिस दौरान किसानों की तमाम समस्याओं समेत एमएसपी के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस बैठक के बाद किसान नेताओं संग बाहर आकर *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

प्लेन की आग में जलकर खाक हो गई परिवार की खुशियां, हादसे में दंपती और उनके बेटे की मौत

काठमांडू। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए प्लेन क्रैश हादसे में एक परिवार की खुशियां खाक हो गईं। हादसे में विमान में सवार एक दंपती और उनके चार साल के बेटे की मौत हो गई। तीनों खुशी-खुशी काठमांडू से पोखरा जा रहे थे।

काठमांडू में बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत हो गई। विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एयरलाइन के एक टेक्नीशियन मनु राज शर्मा,

उनकी पत्नी प्रिजा खातीवाड़ा और उनके चार वर्षीय बेटे आदि राज शर्मा की मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रिजा ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय में सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर रह चुकी हैं।

सौर्य एयरलाइंस की ओर से बताया गया कि प्रिजा और उनके बेटे की पहचान पहले कंपनी के कर्मचारियों के रूप में की गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वे यात्री थे। हादसे में 15 लोगों की की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। दुर्घटना में एयरलाइन स्टाफ एक यमनी नागरिक की भी मौत हो गई।

प्रधानमंत्री ने जताया दुख

हादसे को लेकर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना में हुई दुखद मौतों से बहुत दुखी हैं। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारियों से विमान दुर्घटना के कारण की जांच के लिए कहा गया है। वह भी घटनास्थल पर हैं। उन्होंने सभी से दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया। बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड,
पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियॉं
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजऑर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्य है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

निजी आवश्यकता बताकर जमीन बेचने वाली महिला रजिस्ट्री के लिए कर रही टाल-मटोल

2 लाख रूपए लेकर भी कर रही झूठी शिकायत... पीड़ित ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन..

राजनांदगांव। बीते दिनों 16 जुलाई मंगलवार को आदिवासी नेताओं के नेतृत्व में सूदखोर के हाथों लूटे जा रहे सैकड़ों किसान वाले मामले को लेकर कलेक्ट्रेट में धावा बोला गया था तथा श्री ठाकुर ने उन आदिवासी व अन्य वर्ग के किसानों के हाथो ज्ञापन सौंपा था। एम.डी. ठाकुर ने उक्त मामले को लेकर एसपी से भी मिलकर इस मामले में जांच की मांग की थी।

बता दे कि उक्त जमीन की खरीदी-बिक्री वाले मामले में एक नया मोड़ आया है। कथित रूप से जमीन खरीदी व सूदखोरी के मामले में शहर के सहदेव नगर निवासी भोजराज पिता कन्हैया इसरानी ने उनके पास निजी आवश्यकता बताकर जमीन बेचने वाली महिला के खिलाफ ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। भोजराज इसरानी ने छुरिया क्षेत्र के जैतगुडरा, खोभा निवासी 42 वर्षीय महिला मालाबाई पति महेश्वरी सिंह जनबंधु पर धोखाधड़ी व छल-कपट किये जाने का आरोप लगाया। पीड़ित भोजराज ने कहा है कि उक्त महिला ने निजी आवश्यकता बताकर उसके पास अपने दोनों नाबालिग पुत्रों के नाम व स्वामित्व वाली जैत गुडरा की जमीन कुल रकबा 0.5300 प.ह.नं. 04 को उसके पास पांच लाख रूपए में पक्का सौदा किया था जिसमें से उसने 2 लाख रूपए नगद प्राप्त कर लिये थे। शेष रकम तीन लाख रूपए 11 माह के भीतर रजिस्ट्री कराने उपरांत प्राप्त करने की बात कही थी। उक्त सौदे के दौरान गवाह के रूप में हिरमदास मानिकपुरी व अख्तर खान उपस्थित थे। इन लोगों के सामने ही उक्त महिला मालाबाई जनबंधु ने 2 लाख रूपए उनसे प्राप्त की थी।

रजिस्ट्री कराने टाल-मटोल

पीड़ित भोजराज ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि उसके द्वारा मालाबाई का शेष रकम यानि कि तीन लाख रूपए प्राप्त कर उक्त जमीन का रजिस्ट्री कराने कहे जाने पर उसके द्वारा टाल-मटोल किया जा रहा है। कलेक्टर को जमीन सौदे से संबंधित निष्पादित दस्तावेज को संलग्न कर बताया कि माला बाई उक्त भूमि का रजिस्ट्री करने की मांग करने या फिर उनसे प्राप्त 2 लाख रूपए की रकम वापिस लौटाने कहे जाने पर उक्त महिला द्वारा उक्त प्राप्त 2 लाख की राशि में से कुछ रकम जमीन सौदे के गवाह बने अख्तर खान को लौटा दिए जाने की बात कही जाती है जबकि उसे आज दिनांक तक कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई है। भोजराज का कहना है कि मालाबाई उक्त भूमि का पक्का सौदा निष्पादन के बाद आज दिनांक तक उनसे न कभी मिलने आई है और न कोई उसे सौंपी है।

झूठे केस में फंसवा देने की धमकी

जमीन क्रेता भोजराज इसरानी का कहना है कि ग्राम जैतगुडरा की जमीन मेरे नाम बेचने वाली माला बाई जनबंधु उसे झूठे केस में फंसवा देने की धमकी देती है। यही नहीं उक्त महिला अपने ग्रामवासियों को एकत्रित कर उनके खिलाफ कलेक्टर के पास झूठी शिकायत की है। यही नहीं मीडिया वालों के पास तथा पुलिस में भी उनके विरूद्ध यह कहकर झूठी शिकायत की है कि उनके पुत्रों के नाम पर स्थित भूमि को गबन करने का प्रयास किया जा रहा है। जो कि सरासर झूठ एवं असत्य बात है। पीड़ित भोजराज का कहना है कि दो गवाहों के सामने पूरी तरह राजीनामा से पांच लाख रूपए में अपने पुत्रों के स्वामित्व वाली जमीन को उनके पास बेचने वाली तथा इसके लिए 2 लाख रूपए पेशगी ले लेने वाली उक्त महिला मालाबाई जनबंधु बिना कोई जानकारी, बिना कोई दस्तावेजों का निरीक्षण किए उन पर झूठे व मन गढ़ंत आरोप लगाई है जिससे उसके मान-सम्मान को अघात पहुंचा है। भोजराज ने उक्त महिला मालाबाई द्वारा उसके साथ जमीन सौदे को लेकर धोखाधड़ी किए जाने व उक्त बिक्रीत जमीन का राजिस्ट्री नहीं किए जाने के कारण किए गए छल के लिए उक्त महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

कलेक्टर ने बाल सक्षम नीति एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में बाल सक्षम नीति एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 15 जुलाई से 14 अगस्त तक बाल सक्षम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षा वृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास करने तथा एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। उन्होंने सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों का चिन्हांकन, रेस्क्यू एवं पुनर्वास कार्य को गंभीरतापूर्वक करने निर्देशित किया तथा चिन्हांकित बच्चों को 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति राजनांदगांव को सौंपने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के माध्यम से बाल देखरेख संस्थानों में बच्चों को आश्रय प्रदान करते हुए बच्चों के पुनर्वास की कार्रवाई जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास द्वारा किया जाए। साथ ही शासन के विभिन्न विभागों द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बच्चों से जुड़े मादक पदार्थो के क्रय-विक्रय प्रकरणों पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान चिन्हित बच्चों एवं परिवारों को उसके शिक्षण प्रशिक्षण हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने कहा। कलेक्टर ने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित पुलिस, नगर पालिक निगम, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, आदिम जाति कल्याण, चाईल्ड लाईन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

कलेक्टर ने डोंगरगांव विकास योजना प्रारूप 2031 के संबंध में विकास योजना समिति की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा डोंगरगांव विकास योजना (प्रारूप) 2031 के संबंध में विकास योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डोंगरगांव विकास योजना (प्रारूप) 2031 में सम्मिलित ग्रामों के सरपंच एवं नगरीय निकाय एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त करने डोंगरगांव नगर पंचायत में बैठक आयोजित करने कहा। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव, सम्मिलित ग्रामों में सरपंच एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत डोंगरगांव एवं नगरीय निकाय के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त कर विकास योजना में समाहित करने के निर्देश दिये, ताकि डोंगरगांव क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए विकास योजना तैयार की जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, उपसंचालक नगर एवं ग्राम निवेश श्रीमती कमला सिंह, विकास योजना समिति के सदस्यगण, संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पेंशनर्स एसो. के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश के प्रांताध्यक्ष का चुनाव 28 जुलाई को 11 बजे दिन से ठा. प्यारेलाल स्कूल में सम्पन्न होगा, चुनाव की सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अतः समस्त मतदाताओं से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू द्वारा अपील की गई है कि, दिनांक 28 जुलाई दिन रविवार को समय पर पहुँचकर प्रांताध्यक्ष के चुनाव को सफल बनावे। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी वाल्दे द्वारा दी गई।

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कल 26 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

सेवानिवृत्त मच्छेन्द्र महाले का आकस्मिक निधन

राजनांदगांव (दावा)। जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से सेवानिवृत्त हो चुके मच्छेन्द्र महाले का कल 23 जुलाई की रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय श्री महाले 63 वर्ष के थे। स्वर्गीय श्री महाले श्रीमती राजकन्या महाले के पति और पुत्री श्रीमती चैताली एवं पुत्र गिरीश महाले के पिता थे। स्वर्गीय श्री महाले विगत वर्ष 31 जुलाई 2023 को जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से सहायक ग्रेड-3 के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके आकस्मिक निधन पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवगंत की आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

केंद्र सरकार के बजट से सभी वर्ग को राहत - मो. इरफान शेख

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख व जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने संयुक्त बयान में कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी वर्ग को खुश कर देने वाला है। यह बजट सोच समझकर बनाया गया और दीर्घकालिक प्रणाम देने वाला है साथ ही विकसित भारत के सपने और संकल्प को साकार करने में भी इस बजट से मदद मिलेगी। श्री शेख व श्री जोसेफ ने आगे कहा कि 2024 25 की इस बजट में वित्त मंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सूझबूझ वाली बजट में कैंसर की दवाइयां मोबाइल चार्जर रसायन पेट्रोकेमिकल पीवीसी फ्लेक्स बैनर एक्स-राय ट्यूब मछली सोना चांदी आयातित और प्लेटिनम ज्वेलरी आभूषण सस्ते कर दिए गए हैं इसी प्रकार प्रयोगशाला रसायन प्लास्टिक उत्पाद सोलर ग्लास टेलीकॉम उपकरण और सुपारी यह सब महंगे कर दिए गए हैं उनकी इस बजट में बिहार को 47 हजार करोड़ और आंध्र प्रदेश को 15000 करोड़ का विशेष पैकेज दिए जाने से उन राज्यों के लिए यह उपलब्धि है कृषि प्रधान देश में 152000 करोड़ दिया गया है। देश में एक करोड़ गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा होगा। बजट में समग्र दृष्टि से देखा जाए तो रोजगार के नए अवसर खुलते दिखाई दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के आवास उपलब्ध कराने के संबंध में तैयार की गई रणनीतियों एवं कार्य-योजनाओं पर की गई चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों के आवास स्वीकृति हेतु आगामी वृहद मात्रा में लक्ष्य प्राप्त होने के संबंध में जिले में पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने राजनांदगांव जिले के सभी विकासखण्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के स्थाई प्रतीक्षा सूची के 14909 पात्र हितग्राहियों एवं आवास प्लस के 29093 पात्र हितग्राही इस प्रकार कुल 44002 पात्र हितग्राहियों के स्वीकृति की अनुशंसा पर आवश्यक रणनीति और कार्य योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार एवं पटवारियों को भूमिहीन पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर आबादी भूमि उपलब्ध कराने एवं ऐसे ग्राम पंचायत जहां आबादी भूमि नहीं है, वहां आबादी भूमि हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिव एवं पटवारियों से समन्वयय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार कर उच्च कार्यालय को उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में ऐसी ग्राम पंचायत जहां भूमिहीन पात्र हितग्राहियों की संख्या अधिक है उसे चिन्हांकित करते हुए कालोनी निर्माण करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सीईओ जनपद पंचायतों द्वारा आगामी लक्ष्य को देखते हुए तैयार की गई कार्ययोजना को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

शिव डहरिया का बयान घोर निंदनीय- विहिप

राजनांदगांव (दावा)। बलौदाबाजार मे हुए हिंसक घटना कि जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति बनाई है, इस टीम के संयोजक शिव डहरिया है जो छत्तीसगढ़ शासन मे मंत्री भी रहे है, उन्होंने 21 जुलाई को रायपुर मे प्रेस कांफ्रेस कर बलौदाबाजार हिंसा मे विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर हिंसा मे शामिल होने का आरोप लगाया है, शिव डहरिया का यह बयान, पागलपन की निशानी है, इनको विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल के बारे मे तनिक भी ज्ञान नही है, यह संगठन, धर्म, राष्ट्र, संस्कृति और समाज के हित में सदैव काम करता है, विहिप और बजरंग दल सदैव हिन्दू समाज मे सामाजिक समरसता बढाने और समाज को संगठित करने के लिए काम करता है,,,जो भी व्यक्ति ,विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल को अच्छे से जानता है वो सपने मे भी नही सोच सकता कि संगठन कभी राष्ट्र विरोधी और सामाजिक सद्भाव बिगाडने का काम करेगा,,,डेहरिया का यह बयान बचकाना और हिंसा करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने वाला है, कांग्रेस की जांच समीति के पास कोई भी सबुत नही है फिर भी उनके व्दारा हिन्दू संगठन का नाम लेना,केवल पागलपन है और दोषियों को बचाने का काम है, डेहरिया, क्या और कितना जानते है, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के बारे में ये एक ऐसा संगठन है जो भारत सहित विश्व के 35 देशों में हिन्दू समाज को बिना जातिगत भेदभाव के संगठित करने और भारतीय हिन्दू संस्कृति को संरक्षित करने का काम करता है, जिस प्रकार अंधा हाथी की परिभाषा बताता है उसी प्रकार डेहरिया भी विहिप बजरंग दल की परिभाषा बता कर ,हिंसा मे शामिल होने का झुठा दावा कर रहे है,,विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की पवित्र हिन्दूत्व की विचारधारा और धर्म व राष्ट्र हित के कार्य को जानने के लिए, यहां आना और समझना पडता है, इस जांच कमेटी के पास एक भी सबुत नही, जांच के नाम पर केवल खानापुर्ति कर विपक्षी पार्टी और हिन्दू समाज के सबसे बडे संगठन को बदनाम करना ही इनकी मंशा है, साथ ही दोषियों को बचाने का कुत्सित प्रयास है।

उनके इस तरह के बयान से विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल में काफी आक्रोश व्याप्त है, जांच कमेटी को हिन्दू संगठन पर झुठा आरोप लगाने से पहले हजारों बार सोचना चाहिये था, आधा अधुरा जांच और प्रेस कांफ्रेंस कर अपने आकाओं को खुश करने वाला बयान बहुत निंदनीय है, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, इस बयान की कड़े शब्दों मे निंदा करती है।

कलेक्टोरेट में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

राजनांदगांव (दावा)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते हुए बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557, 227627 है।

मदनचंद सेठिया का देहावसान

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित सेठिया परिवार के वरिष्ठतम सदस्य एवं जैन स्थानकवासी संघ के सम्माननीय मार्गदर्शक तथा निर्मल व त्रिलोक सेठिया के पिताश्री मदनचंद सेठिया का कल बुधवार 24 जुलाई की शाम उनके स्थानीय वर्धमान नगर स्थित निवास में 85 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया।

वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। उन्होंने देह त्याग के पहले पूरी चेतना के साथ 84 लाख योनियों से क्षमायाचना की जो कि बहुत ही बिरला संजोग होता है। उनका अंतिम संस्कार कल शाम ही लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें काफी संख्या में सेठिया परिवार के ईष्टजनों सहित सामाजिक बंधुगण उपस्थित होकर मदनचंद सेठिया को नम आंखों से बिदाई दी। स्वर्गीय मदनचंद सेठिया गंभीर सेठिया, रीखब सेठिया के अग्रज थे। आज गुरुवार 25 जुलाई दिन में 11 बजे सदर बाजार स्थित स्थानक भवन में उठावना का कार्यक्रम होगा।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
5-7-0
689-3 266-4
राजधानी
4-7-8
690-5 489-1

-सम्पादक

कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, राजनांदगांव (छ.ग.)

पताः- ग्राम-सांकरा रोड, सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.) Email ID-

क्रमांक/45/2/जिपलाकॉसो/2024 राजनांदगांव, दिनांक 22/07/2024

- : संक्षिप्त प्रारूप :-

।। EOI आमंत्रण सूचना।।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सांकरा-सोमनी राजनांदगांव में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं लाईवलीहुड कॉलेज नवीन विनियम के अंतर्गत विभिन्न सेक्टर/व्यवसायों में प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर के चयन हेतु राजनांदगांव जिले के इच्छुक पंजीकृत संस्था/प्रतिष्ठान से मोहर बंद रूचि की अभिव्यक्ति दिनांक 02/07/2024 से दिनांक 22/07/2024 शाम 05.00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट आमंत्रित की गई थी, उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए दिनांक 05/08/2024, शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। रूचि की अभिव्यक्ति का आवेदन पत्र, नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट http://rajnandgaon.nic.in पर देखी जा सकती है।

संवादः-40922/2

सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परि. लाई. कॉलेज, सोसायटी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

निविदा सूचना क्रमांक-6

क्रमांक / 1777 / वलेलि / ग्रायांसेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 23.07.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र ''ए'' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है -

स.क्रं	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	आमंत्रण सूचना
1	शा. आयुर्वेदिक औषधालय जीर्णोद्धार, योग चबूतरा, बाउंड्री जालितार से, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य बोरतलाव वि.ख. डोंगरगढ़	4.41	प्रथम बार
2	शा. आयुर्वेदिक औषधालय जीर्णोद्धार, योग चबूतरा, बाउंड्री जालितार से, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य बिल्हरी वि.ख. डोंगरगढ़	4.41	प्रथम बार
3	शा. आयुर्वेदिक औषधालय जीर्णोद्धार, योग चबूतरा, बाउंड्री जालितार से, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य गेंदाटोला वि.ख. छुरिया	4.47	प्रथम बार
4	शा. आयुर्वेदिक औषधालय जीर्णोद्धार, योग चबूतरा, बाउंड्री जालितार से, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य कुमम्हली वि.ख. मोहला	4.14	प्रथम बार
5	शा. आयुर्वेदिक औषधालय जीर्णोद्धार, योग चबूतरा, बाउंड्री जालितार से, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य सुकुलदैहान वि.ख. राजनांदगांव	4.43	प्रथम बार

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 25.07.2024 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 08.08.2024 सायं 5.30 तक है।

जी- 242501326/2

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक 202407091100009

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2023-24

मारगांव प.ह.नं. 00011 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-संजय कुमार चन्द्रवंशी

अनावेदक पक्षकार - छ.ग.शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संजय कुमार चन्द्रवंशी आ. मनोहर जाति कंवर निवासी ग्राम मारगांव पटवारी हल्का नं. 11 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने भाई भगतराम का मृत्यु दिनांक 25/02/2024 को ग्राम मारगांव में होने के कारण अपने भाई का मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 6611072400107 6 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 31.07.2024 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार डोंगरगांव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

ईश्तहार

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024

राजनांदगांव, दिनांक 12/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निधि अग्रवाल पति अमित कुमार मित्तल, निवासी म.नं. बी 27, वार्ड नं. 45, रिद्धि सिद्धि कालोनी, फेज 02. कौरिनभाठा, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 00038, खसरा नंबर 269/63, 269/64, रकबा क्रमशः 0.0171, 0.0092 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/ शपथ पत्र/ खसरा बी-1/नक्शा /ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/ नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/07/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(निविदा सूचना आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

निविदा सिस्टम नं. निविदा सूचना क्र./दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	निविदा ऑनलाईन पर आमंत्रित पर अंतिम तिथि
निविदा सिस्टम नं.- 156339 04/वलेस/2024-25 दिनांक 23.07.2027	कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा की सरोदा मध्यम जलाशय अंतर्गत सरोदा कॉलोनी का जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रु.278.34 लाख	12-08-2024
निविदा सिस्टम नं.- 156336 03/वलेस/2024-25 दिनांक 23.07.2027	कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया की क्रांति जलाशय के मुख्य नहर आर.डी. 2310 मी. से 7530 मी. तक रिमाडलिंग, लाईनिंग एवं 06 नग फाल, 01 नग फाल कम व्ही.आर.बी., 01 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण तथा कोलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य (तृतीय आमंत्रण)	रू.294.26 लाख	12-08-2024

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.07.2024 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।





नोट = निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 242501305/2

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

बारिश के दिनों में भी वार्डों में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि

तीन दिनों से इंटक वेल में फंसा कचरा निकाला नहीं जा सका ? शहर में वाटर सप्लाई बाधित, पानी की किल्लत झेल रहा बजरंगपुर नवागांव

राजनांदगांव (दावा)। सावन मास लगते ही ऐसी छप्पर फाड़ बारिश हो रही है कि नदी-नाले, ताल-तलैये सभी बौरा गए है। बारिश में नदियों का प्रवाह तेज होने से कूड़े-कचरे भी बह कर आने लगे है। शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ उफान पर चल रहा है। इस नदी की बाढ़ के साथ कचरा बहकर आने से नदी में बने इंटकवेल में फंस जा रहा है। इससे मोहारा का एक फिल्टर प्लांट बंद हो गया है जिससे शहर वासियों को बारिश के दिनों में भी पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। अभी शहर में सबसे ज्यादा पानी की किल्लत बजरंगपुर-नवागांव वार्ड नं. एक व दो के निवासियों को झेलनी पड़ रही है। इस क्षेत्र का नल सिर्फ एक टाईम खुल रहा है जिससे भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। इससे बारिश के दिनों में भी लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

बता दे कि मोहारा जल संयत्र का 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के बंद होने से शहर के कई वार्डों में पेयजल सप्लाई अवरूद्ध हो गया है। बताया जाता है कि इंटक वेल में उक्त खराबी आने की वजह से शहर वासियों को सिर्फ एक टाईम पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिसके समय का कोई लिमिटेशन नहीं है। कभी 12 बजे खुलती है तो कभी दो बजे तो कभी 9-10 बजे नल चालू होता है वह भी सिमित समय के लिए जिससे लोगों को अपने घरों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है लोग बरसते पानी में गुंडी-बाल्टी लेकर शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इंटक वेल कचरा घुसे तीन-चार दिन हो गए लेकिन उसे अभी तक साफ क्यों नहीं किया जा सका है?

नवागांव-बजरंगपूर वार्ड में पानी की किल्लत

इन दिनों सबसे ज्यादा पानी की किल्लत बजरंगपुर-नवागांव वार्ड नं. एक और दो में बनी हुई है। वार्ड की महिलाओं ने बताया कि उन्हें दिन में सिर्फ एक टाईम पानी मिल रहा है। नल खुलने का समय निश्चित नहीं है। कभी 12 बजे खुलता है तो कभी दोपहर को तो कभी-कभी शाम को नल खुलने पर पानी भरना पड़ता है। जिस तरह नल खुलने का समय निश्चित नहीं है उसी तरह नल के चालू रहने का समय भी निश्चित नहीं है। आधे-घंटे के करीब नल खुल गया तो वह बहुत है। मजबूरी में लोगों को आसपास के बोर आदि से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। वार्ड नं. 2 की ललिता सोनी, मधु साहू, रानी सिन्हा, पायल देवांगन आदि महिलाओं ने बताया कि पानी की किल्लत दोनों वार्ड में है। पानी की समस्या के चलते दोनों वार्ड के लोग भरी बारिश में भी गुंडी-बाल्टी लेकर पानी की तलाश में नजर आते है। किसी के घर बोर-बोरिंग है तो उनके यहां जाकर पानी देने के लिए याचना करनी पड़ती है।

टंकियों में नहीं हो रहा जल भराव

बताते चले कि मोहारा नदी के इटक वेल में कचरा फंसे होने की वजह से जल संयत्र का फिल्टर प्लांट बंद हो गया है। इससे शहर में वाटर सप्लाई आधी रह गई है। जल सयंत्र के 27 एम.एल.डी.फिल्टर प्लांट के पानी से शहर के 6 प्रमुख टंकियों में पानी भरा जाता है। प्लांट के बंद होने से टंकियों में जल भराव नहीं हो पा रहा। इससे शहर में सिर्फ एक टाईम पानी दिया जा रहा है। जहां दो टाईम पानी देने का प्रयास किया जा रहा। वह नल खुलने की टाईमिंग कम हो गई है।

केंद्र का बजट पूरी तरह रोजगारउन्मुखी - मोरजध्वज देवांगन

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा के युवा नेता मोरजध्वज देवांगन ने देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय आम बजट 2024 - 25 को रोजगारउन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में तीसरी बार बैठी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हालिया बजट समग्र रूप से रोजगार के नए अवसर प्रदान करने वाला तथा विशेष रूप से मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने वाला है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि मंगलवार को संसद में भारत की अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलीयन डालर की ओर ले जाने वाली गरीब किसान मजदूर व युवावओं सहित महिलाओं के उत्थान वाली बजट पेश की है। इस बजट में युवाओं के लिए नौकरी के साथ-साथ रोजगार इन्कम टैक्स में कमी लांग टर्न कैपिटल दर में कमी, टैक्स स्लैब में बदलाव, मुद्रा लोन में 20 लाख रूपए की वृद्धि, सोने-चांदी से लेकर जूते-चप्पल के कपड़े आदि को सस्ता व किसानों के लिए सिंचाई के साधन व कृषि के लिए डेढ़ करोड़ के प्रवधान सहित 5 राज्यों के किसान कार्ड लांच किया जाना प्रमुख है। इसी तरह महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना, युवाओं को इंटर्न शीप योजना से रोजगार के बंपर अवसर मिलने के मार्ग प्रशस्त कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला बजट है, जिससे हमारा देश न केवल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई उंचाई को छुएगा, नालंदा, गया जैसे धर्म स्थल क्षेत्र का विस्तार विकास कर विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करने वाला साबित होगा।

अतिवृष्टि भारी वर्षा से चिखली स्थित मकान क्षतिग्रस्त, मकान मालिक व उनकी पत्नी बाल-बाल बचे

राजनांदगांव (दावा)। 20 जुलाई को हुए अतिवृष्टि भारी वर्षा से मेरे मकान के दोनों कमरे व बरामदे में पानी भर गया। हेमंत साहू व उसकी पत्नी अर्चना साहू साथ मिलकर कमरे से पानी बह फेंक रहे थे, तभी अचानक ऊपर मकान का कवेलू टूटकर पटाव के साथ किचन स्टोर (कमरे) में गिरा गया, जहां वे दोनों कमरे में भरे पानी फेंक रहे थे। दोनों भगवान महाकाल की दया-दृष्टि से बाल-बाल बच गए। भारी वर्षा से उक्त मकान के टूटकर गिरने से खाद्य सामग्री बर्तन व महंगे वस्त्र की क्षति हुई, जिससे सिर्फ आर्थिक क्षति हुई, भगवान महाकाल की दया दृष्टि से चिखली निवास हेमंत साहू व उनकी पत्नी की जान बची।

हेमंत साहू ने बताया कि उक्त संबंध में दुर्घटना से पूर्व भी अपनी दोनों बहन लता साहू एवं सविता साहू को व साथ ही अपने परिवार के चाचा व बुआ, दीदी को एवं साथ ही कई बार मुहल्ले के बुजुर्ग व संबंधियों को ले जाकर चर्चा कर चुका था कि मकान जर्जर हो चुका है, इस 2 कमरे के जर्जर मकान को बनाना अनिवार्य है, जो लोन के माध्यम से ही संभव है, चूंकि 2 कमरे का 3 भाई बहनों में नहीं बांटा जा सकता, इसके लिए मकान का हक त्याग करना आवश्यक है। हक त्याग के एवज में दोनों बहनों के नाम से 25-25 हजार देने व हक त्याग रजिस्ट्री खर्च स्वयं वहन करने को तैयार था। वर्तमान में एक बहन का निधन हो चुका है, उनके 3 बेटियां है जिनका विवाह हो चुका है, इन तीनों भांजी-दामाद से भी उक्त संबंध में चर्चा कर चुका है, पर पहले एक बहन लता, सविता पर हां-हां कहकर टालती रही, अब भांजी-दामाद अपनी मौसी लता पर टाल रहे है, जिसका आज ये दुष्परिणाम हुआ कि अतिवृष्टि भारी बारिश से मकान क्षतिग्रस्त हो गया और हम दोनों पति-पत्नी भगवान महाकाल के आशीर्वाद से जीवित है।

ग्राम किरगी रींवागहन में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम किरगी रींवागहन में विगत दिनों जिला पंचायत के सहयोग एवं एबीस पहल द्वारा दो दिवसीय स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। दो दिनों तक चले स्वच्छता त्यौहार का मुख्य उद्देश्य ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करना था। जिसके तहत स्कूली बच्चों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, सेग्रेगेशन को लेकर जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इसके अलावा बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों को प्लास्टिक के उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पूर्णिमा साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव एसीईओ होरी लाल साहू, प्राचार्य नरोत्तम लाल कमरिया, ग्राम पंचायत सचिव पूनम साहू, एबीस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से असिस्टेंट मैनेजर सीएसआर महिमा सोनी, पहल मोटीवेटर विनोद एवं भूमिका सहित विकासखंड समन्वयक एसबीएम, पंच, ग्राम पटेल, शिक्षक, स्वच्छताग्राही दीदी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मवेशियों की धरपकड़ अभियान: आज पकड़े 6 मवेशी, कल 9 पकड़े थे, एक सप्ताह में कुल 29 मवेशी पकड़े

राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धरपकड़ अभियान नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है, अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक-चौराहों से 6 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी।

कल 9 मवेशी पकडे थे और एक सप्ताह के भीतर शहर के प्रमुख चौक चौराहो से 29 मवेशी पकडे गये, जिन्हें काजी हॉउस में रखा गया था तथा संबंधित मवेशी मालिक से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिये भी खतरनाक है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहों से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज प्रमुख मार्गो व चौक चौराहों में पाताल भैरवी चौक, आम्बेडकर चौक, पी.टी.एस. चौक एवं राम दरबार मंदिर के पास 6 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। कल शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 9 मवेशी पकडे गये थे, अब तक एक सप्ताह में 29 मवेशी पकडे गये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौंपा जायेगा।

राज्य में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में, पुलिस कार्यवाही शून्य

छन्नी साहू ने गैंदाटोला थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना पर उठाए सवाल

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य की भाजपा सरकार के साथ पुलिस प्रशासन की लचर कानून व्यवस्था की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में कोई भी सुरक्षित नही है जिसका ताजा उदाहरण कुछ दिनों पूर्व राजनांदगांव जिले के गैदाटोला थाना क्षेत्र में चोरों के हौसलों को देख पूरी तरह से समझ आते हैं, पुलिस अपराध पर नियंत्रण करने में पूरी तरह से असफल हो चुकी है,

कुछ दिनों पूर्व ग्राम गैंदाटोला में थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित न्यू महाराज ज्वेलर्स की दुकान में लगभग करोड़ रुपए की चोरी हुई, 12 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर लाकर तोड़कर नगदी के साथ आभूषण चोरी करके फरार हो गए। यह चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गई जहां स्पष्ट तौर पर चोर चोरी की घटना को अंजाम देते दिख रहे है, किन्तु इसके बावजूद आज पर्यन्त तक पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम हो रही है। जिससे ग्राम में थाना होने के बावजूद इस क्षेत्र के ग्रामीणों व व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है तथा लोग डरे सहमे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि थाना क्षेत्र में हुए ऐसे घटना एक भी चोर अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए जिससे यह साबित होता है कि गृह व पुलिस विभाग अपराधियों पर से नियंत्रण खो चुकी है और इस तरह प्रदेश अपराध का गढ़ बनते जा रहा है, अपराधियों के हौसले पूरी तरह से बुलंद हो चुके हैं,

श्रीमती साहू ने पुलिस की कार्यशैली व रात्रि गस्त को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि गैंदाटोला पुलिस जुआ सट्टा अवैध शराब की बिक्री के उगाही में मदमस्त है तो कहाँ से जनता के समस्याओं से सरोकार रहेगी। थाना के सामने चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है, श्रीमती साहू ने आगे कहा कि पुलिस प्रसासन जल्द से जल्द इस घटना की नतीजे पर पहुँचकर चोरो को पतासाजी करे अन्यथा व्यापारी संघ गैंदाटोला व क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ सरकार के खिलाफ लामबंध होंगे।

कांग्रेस नेता की हत्या: सड़क किनारे अर्धनग्न हालत में खून से लथपथ मिली लाश

पास ही पड़ा मिला धारदार हथियार

सारंगढ़। जिले के ग्राम सिंगापुर मोड़ पर कांग्रेस नेता की अर्धनग्न लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान हैं और घटनास्थल से फरसीनुमा धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, सरिया के कमरीद गांव निवासी कांग्रेस नेता हरिराम पटेल किसी काम से बरमकेला गए थे। मंगलवार शाम को बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उनकी हत्या हो गई।

सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। हरिराम पटेल के सिर और गले पर गंभीर चोट निशान मिले हैं। ऐसा लग रहा है कि किसी धारदार हथियार से जमकर वार किया गया है। खून से पूरा चेहरा लाल हो चुका है। उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में सारंगढ़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश चंदेल ने बताया कि, शुरुआती जांच में मामला ब्लांइड मर्डर का लग रहा है। पुलिस की टीम, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिंग टीम घटना की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले और जानकारी सामने आ सकती है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

सावन में मनभावन फिल्म होगी 'मोर बाई हाई फाई'

रायपुर (दावा)। इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। फिल्म में विजय मिश्रा 'अमित' एक अहम किरदार में नजर आएंगे। मिश्रा कहते हैं- 'नारियों के बढ़ते कदम को फिल्म में बेहद रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

शिक्षा से समाज में आए बदलाव का प्रभाव नारी समुदाय में परिलक्षित हो रहा है। जिसे स्टोरी में शामिल किया गया है। निर्माता एवं बहुचर्चित अभिनेता प्रकाश अवस्थी ने 'मोर बाई हाई फाई' में नई टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया है। युवा निर्देशक नितेश लहरी के सशक्त निर्देशन से हरेक दृश्य और पात्र जीवंत हो उठे हैं। फिल्म की प्रमुख महिला किरदारों को जीते हुए अभिनेत्री सृष्टि देवांगन, दीपाली पांडे, प्रमिला रात्रे ने अपने सशक्त अभिनय से छत्तीसगढ़ी महिलाओं को हाई-फाई बनने का जबरदस्त संदेश संप्रेषित किया है। अभिनय जगत के दीर्घ अनुभवी अनुपम वर्मा, योगेश अग्रवाल एवं क्रांति दीक्षित का अभिनय धांसू है।

विजय मिश्रा आगे कहते हैं 'मोर बाई हाई फाई' का फिल्मांकन विशुद्ध छत्तीसगढ़ी परिवेश में किया गया है। इसके गीतों को बड़ी खूबसूरती से मनमोहक नृत्यों में पिरोया गया है। बीच-बीच में हास्य का जोरदार तड़का भी है। यह फिल्म दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में कामयाब होगी। उल्लेखनीय है कि 'मोर बाई हाई फाई' के महत्वपूर्ण किरदार विजय मिश्रा 1982 से छत्तीसगढ़ी रंगमंच चंदैनी गोंदा, सोनहा बिहान, कारी, लोरिक चंदा से सम्बद्ध रहे हैं। बतौर लेखक एवं उद्घोषक के रूप में भी उनकी खास पहचान है। 'ले चलहूं अपन दुवारी', 'मया होगे रे','हमर पहुना', 'बहुरिया','मोहि डारे' जैसी छत्तीसगढ़ी फिल्में कर चुके हैं।

केन्द्रीय बजट: भाजपा ने कहा रोजगार पर फोकस, कांग्रेस ने कहा निराशाजनक

विकास की रफ्तार को तेज करने वाला बजट - श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र में तीसरी बार बैठी मोदी सरकार का बजट देश के विकास के पहिये को तेजी से घूमने वाला बजट है। इस बजट से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहूलियत होगी। इस बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार को विशेष पैकेज दिया गया है तो यह एक तरह से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का पायलट प्रोजेक्ट नहीं माना जाए। केंद्र की बजट से एक साथ सभी राज्य को विशेष पैकेज देना संभव नहीं है इसलिए दो राज्यों का चयन इसी बात को ध्यान में रखते हुए किया गया है लेकिन यह भी सही है अन्य राज्यों को भी बड़ी राहत दी गई है। श्रीमती भंडारी ने आगे कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गए 7 हजार 329 करोड़ रुपए के प्रथम अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना, पीएम जनमन योजना, के साथ खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी भवन, सहित अनेक योजनाओं एवं विकास कार्यो के लिए प्रावधान रखे गए हैं। यह अनूपूरक बजट विकसित भारत और छत्तीसगढ़ विजन 2047 को ध्यान में रखते हुए बनाया है। इस बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। महतारी वंदन योजना के लिए 4 हजार 900 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इस बजट में गरीब, महिला, मध्यमवर्गीय, छोटे व्यापारियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया। जिससे प्रदेश का चौमुखी विकास हो सके।

केंद्रीय बजट सभी वर्गों के लिए निराशाजनक - भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में सभी वर्गों को सिर्फ निराशा ही मिला है। यह केन्द्रीय बजट से आम जनता के लिये कुछ भी नहीं है। सिर्फ लोगों को निराश किया है।

श्री साहू ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने दस साल में बेरोजगारी बढ़ायी है। नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। यह सरकार आधी अधूरी नौकरी का सपना दिखा रही है। भाजपा सरकार के बजट में बेरोजगारी, महंगाई, किसान, महिला, युवा का मुद्दा नौ दो ग्यारह हो गया है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए कोई योजना नही। मंडियों के लिए बजट में कुछ नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर सब चीजों की महंगाई आसमान पर है। सरकार महंगाई नहीं कम करना चाहती है। बजट में गरीबों और महिलाओं के विकास के लिए कोई योजना नहीं है। मंडी और कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए बिना किसानों को लाभ नहीं मिल सकता है। इसलिए यह बजट सभी वर्गों के लिए निराशाजनक बजट है।

दाल सब्जी की कीमतें नियंत्रित नहीं, बजट पर वाहवाही लूट रही केंद्र सरकार - नीरज कन्नौजे

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश मोदी सरकार के बजट की खिल्ली उड़ाते हुए दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने कहा कि जो सरकार आम और खास सभी वर्ग की जरूरत की चीजे जैसे टमाटर सहित सब्जियां तथा दालों की कीमतें नियंत्रित नहीं कर सकती वह बजट में सोना चांदी और इंपोर्टेड ज्वेलरी तथा प्लेटिनम ज्वेलरी और मोबाइल चार्ज आदि के दाम घटाकर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि देश की जनता उसके ऐसे बजट पर थू-थू कर रही है। और सरकार को धिक्कार रही है। इस बजट में मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को ठेगा दिखा दिया है जब इस राज्य की ने 11 में से 10 सीटों पर भाजपेई सांसद चुने हैं। इसके बावजूद मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को धोखा दिया है। जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार पर एकतरफा उठाया है। यह छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव को भारी भेदभाव को साबित कर रहा है अब यहां के भाजपा नेता नेताओं को डबल इंजन की सरकार कह कर गढ़वाली होने से परहेज करते देखा जा रहा है।

गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव - आभा तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा की विस्तारित बैठक के बाद अब मंडल स्तरों पर भी विस्तारित बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इस क्रम में आज राजनांदगांव ग्रामीण मंडल की पहली बैठक हुई, भीषण बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता बैठक में भाग लेने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे व निर्धारित समय दोपहर 1 बजे बैठक प्रारंभ हुई।

बैठक की मुख्य वक्ता जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने मंडल स्तर पर किये जाने वाले कार्यो का विवरण पेश करते हुये कहा कि गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव होगा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा नेता आभा तिवारी ने आगे कहा कि गांवों के विकास को लेकर भाजपा की केन्द्र व राज्य की दोनों सरकारे प्रतिबद्धित है। कल संसद में प्रस्तुत बजट ने गांव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा के लिये सड़कों का निर्माण को प्राथमिकता दी गई है, वही नल-जल योजना के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम तेज गति से चलेगा। किसानों को उनके उपज का पर्याप्त समर्थन मूल्य मिले, सरकार इसकी भी चिंता कर रही है। कृषि क्षेत्र में नये अनुसंधान कर खेती को उन्नत बनाने की योजना भी कारगार ढंग से काम कर रही है। हम सभी कार्यकर्ताओं को सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महती कार्य करना होगा।

बैठक के प्रारंभ में भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। फिर मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर ने स्वागत भाषण किया फिर मंडल महामंत्री मनोज साहू ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के मुख्य अंशों का वाचन किया। इसके बाद अशोक देवांगन ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन रोहित चन्द्राकर ने किया। पंचायत चुनाव को लेकर विवेक साहू ने अपनी विवेचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन मनोज साहू व आभार प्रदर्शन बलराम निर्मलकर ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से खेलेश्वर साहू, संदीप साहू, महेश साहू, पप्पू चंद्राकर, विष्णु साहू, रामकिशन साहू, परदेशी साहू, मिथलेश साहू, गुणित साहू, संतोष साहू, योगेश निर्मलकर, नील निर्मलकर, छबि यदु, होमेश्वर निषाद, कल्याण साहू, अविनाश साहू, खुमान साहू, बुद्धेश्वर साहू, सहित बड़ी संख्या मे शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

अनमोल दावा

क्रोध हो या आंधी हो जब दोनों शांत हो जाते है, तभी मालूम होता है कि कितना नुकसान हुआ है।

केंद्र ने युवाओं की ली सुध, मोदी सरकार का बजट उम्मीदों से भरा

सरकार की मंशा लोगों को पैसा बचाने के बजाय खर्च करने का विकल्प चुनने की ओर प्रवृत्त करने की है। अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के नियमों में हुए बदलाव का असर इस रूप में सामने आया कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए।

जिस दौर में वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में काफी उथल-पुथल और चिंताजनक हालात बने हुए हैं, उसमें मंगलवार को पेश बजट ने एक तरह से सबका खयाल रखने का आश्वासन दिया है। बजट के कुछ अहम बिंदुओं को देखते हुए यह साफ लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं में अब शायद कुछ बदलाव आया है।

वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि शिक्षा और रोजगार के लिए बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यानी सरकार पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में चुनावी मुद्दा बने, लेकिन प्रकारांतर से उपेक्षित सवालों की सुध लेती दिखती है। देश में बेरोजगारी की चुनौतियों से जूझने के लिए तीन नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए दो हजार करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। औपचारिक क्षेत्र में पहली बार नौकरी हासिल करने वालों को सरकार उनके पहले महीने के वेतन पर अनुदान के रूप में पंद्रह हजार रुपए तक की अतिरिक्त राशि देगी।

इसके अलावा, एक करोड़ युवाओं को पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में प्रशिक्षुता या इंटर्नशिप का मौका देने की बात की गई है, जिसके तहत युवाओं को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। जाहिर है, लंबे समय के बाद ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करने की कोशिश की गई है। आमतौर पर इस पर सबकी नजर रहती है कि बजट में मध्यवर्ग के लिए क्या कोई राहत है। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने नई कर व्यवस्था की दरों में जो बदलाव किया है, उससे लोगों के साढ़े सत्रह हजार रुपए तक बच सकते हैं और अब तीन लाख रुपए की आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा।

अप्रत्यक्ष कर की दरों में बदलाव के बाद अब कैंसर की कुछ दवाएं, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के दाम में कमी आने की संभावना है। मगर आम लोग जिस महंगाई से जूझ रहे हैं, उससे कितनी राहत मिलेगी, इस मसले पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किए गए नए प्रावधानों से मध्यवर्ग को लाभ मिल सकता है।

इसी तरह, कर ढांचे के नए स्वरूप से ऐसा लगता है कि सरकार की मंशा लोगों को पैसा बचाने के बजाय खर्च करने का विकल्प चुनने की ओर प्रवृत्त करने की है। अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के नियमों में हुए बदलाव का असर इस रूप में सामने आया कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए। एक उम्मीद यह थी कि पिछले कुछ समय से रेल यात्रा के समूचे तंत्र को लेकर जितने बड़े पैमाने पर सवाल उठे थे, तो सरकार बजट में शायद इस पर ध्यान दे। मगर विचित्र यह है कि रेलवे क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई।

इस बजट में खासतौर पर बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए जिस तरह अलग से बड़े एलान किए गए हैं, उसने सबका ध्यान खींचा है। खासतौर पर बिहार के लिए छब्बीस हजार करोड़ की बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। यह सभी जानते हैं कि मौजूदा सरकार के गठन में जद(एकी), और तेलगु देसम की क्या भूमिका रही है। यही वजह है कि विपक्ष ने इसे सरकार बचाओ बजट कहा है। बहरहाल, सरकार अगर इसे उम्मीदों का बजट बता रही है, तो आने वाले वक्त में ये आश्वासन कसौटी पर रहेंगे।

मोदी सरकार का ये बजट युवाओं को कितना रोज़गार दिला पाएगा

दीपक मंडल

लगातार तीसरी बार चुनाव जीत कर सत्ता में आई मोदी सरकार के बजट पर विश्लेषणों का दौर जारी है.बजट विशेषज्ञ,अर्थशास्त्री और आर्थिक मामलों के पत्रकार हर पहलू से बजट की बारीकियां समझा रहे हैं.लेकिन सबसे ज़्यादा ज़ोर बजट की तीन बड़ी घोषणाओं पर है.दो बड़े एलान भारतीय अर्थव्यवस्था की दो बड़ी समस्याओं को सुलझाने के लिए किए गए हैं.मोदी सरकार की स्थिरता के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू का समर्थन कितना ज़रूरी है, इसे सब जानते हैं.बजट के मुताबिक़ सरकार नौकरियां बढ़ाने और कामकाज़ी लोगों के कौशल विकास के लिए पाँच स्कीमों में दो लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी.सरकार ने जिस तरह से अपने पिछले कार्यकाल में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव) स्कीम का एलान किया था, उसी तरह इस बार रोज़गार बढ़ाने के लिए ईएलआईज़ (एम्पलॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव) का एलान किया है.

दूसरा बड़ा एलान टैक्स पेयर्स के लिए था. हालांकि भारत की लगभग 140 करोड़ की आबादी में से सिर्फ़ दो से ढाई करोड़ लोग टैक्स देते हैं, लेकिन उन्हें इस बार थोड़ी राहत दी गई है.देश में जिस तरह से महंगाई का दबाव बढ़ता जा रहा है और इसकी वजह से चीज़ों की खपत में जो गिरावट दिखी है, उसमें सरकार को ये करना ही था.

ये अलग बात है कि सिर्फ़ दो-ढाई करोड़ लोगों को टैक्स राहत देकर सरकार वस्तुओं और सेवाओं की मांग कितना बढ़ा लेगी.विश्लेषकों का कहना है अच्छा होता अगर सरकार अप्रत्यक्ष टैक्स में राहत देती जो बाक़ी के 138 करोड़ लोगों के लिए राहत का सबब बनता.लोकसभा चुनावों ने ये साफ़ कर दिया था कि रोज़गार का मुद्दा निर्णायक साबित होगा.मोदी सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही हर साल दो करोड़ रोज़गार देने का वादा करती आई थी लेकिन ये कभी पूरा नहीं हो पाया.विश्लेषकों का मानना है कि नोटबंदी, जीएसटी की खामियों और कोविड से पैदा दिक्क़तों की वजह से सरकार का ये वादा धरा का धरा रह गया.लेकिन सवाल ये है कि इस बार रोज़गार को लेकर जो एलान किए गए हैं वो बेरोज़गारी को दूर करने में कितना कामयाब हो पाएंगे.भारत में रोजगार की स्थिति पर बारीक नज़र रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है देश में नौकरियां बढ़ाने के लिए बड़े बुनियादी क़दम उठाने होंगे.नौकरियां बढ़ाने के लिए बजट में जो एलान किए गए हैं, उनके मुताबिक़ पहली बार नौकरी हासिल करने वाले कर्मचारियों को एक महीने की सैलरी सरकार उनके बैंक खाते में ट्रांसफर करेगी. यानी इससे उन्हें नौकरी देने वाली कंपनियों पर भार कम पड़ेगा. इससे वो नौकरियां देने के लिए प्रोत्साहित होंगी.यह राशि तीन किस्तों में ट्रांसफर की जाएगी जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगी. इस स्कीम से फायदा 30 लाख युवाओं को मिलने का अनुमान है.लेकिन आर्थिक मामलों की वरिष्ठ पत्रकार सुषमा रामचंद्रन ने बीबीसी से बातचीत में कहा कि सिर्फ़ इन्सेन्टिव देने से रोज़गार नहीं बढ़ेंगे.उन्होंने कहा,कोविड के बाद अर्थव्यवस्था में रिकवरी और रोज़गार बढ़ाने के लिए उद्योगों को खासा टैक्स इन्सेन्टिव दिया गया था ताकि वो लोगों को नौकरियां दें. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. उद्योगों ने अपना विस्तार नहीं किया. क्योंकि कोविड और उसके बाद देश में मांग काफ़ी कम हो गई थी. उद्योगों को लगा कि उनका निवेश फंस जाएगा इसलिए फ़िलहाल पैसा न लगाया जाए. ऐसे में रोज़गार कहां से बढ़ता.

सुषमा रामचंद्रन कहती हैं, ये रोज़गार बढ़ाने के शॉर्ट टर्म उपाय हैं. इससे बात नहीं बनेगी. रोज़गार बढ़ाने के लिए मैन्युफैक्चरिंग का दायरा बढ़ाना होगा. एजुकेशन और कौशल विकास और हेल्थकेयर पर बड़ा निवेश करना होगा. ये बुनियादी क़दम हैं. इनके बग़ैर बड़े पैमाने पर रोज़गार पैदा करना मुश्किल है.%सुषमा रामचंद्रन ने कहा कि सरकार ने विदेशी कंपनियों का टैक्स तो घटा दिया है लेकिन इज ऑफ डुइंग बिजनेस यानी उनके लिए बिज़नेस आसान बनाने के लिए ज़्यादा कुछ नहीं किया.उनका कहना है कि सिर्फ़ टैक्स घटाने से वो वो यहां अपने कारखाने नहीं लगाएंगे. इसके लिए सरकार को %रेगुलेटरी कोलेस्ट्रॉल% को घटाना होगा.यानी छोटे-छोटे क्लीयरेंस की अड़चनों को खत्म करना होगा. तभी ये कंपनियां यहां प्लांट लगा कर लोगों को रोज़गार देंगी. महंगाई तो हर वर्ग के उपभोक्ताओं को परेशान करती है. लेकिन सबसे ज़्यादा असर ग़रीबों पर पड़ता है. सरकार ने प्रत्यक्ष कर में कटौती कर थोड़ी सी राहत सिर्फ़ मध्य वर्ग को दी है. इसका ज़्यादा लाभ उन लोगों को होगा जो नौकरी वाले हैं

इसके पीछे सरकार की सोच ये है कि मिडिल क्लास ही सबसे ज़्यादा चीज़ों का उपभोग करता है और उसके हाथ में पैसा बचेगा तो वो ख़रीदारी करेंगे और वस्तुओं की सेवाओं की मांग बढ़ेगी. इससे अर्थव्यवस्था में और रफ़्तार आएगी और रोज़गार बढ़ेगा.लेकिन राजनीतिक और आर्थिक मामलों के विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार शरद गुप्ता कहते हैं, सरकार ने दो-ढाई करोड़ टैक्स पेयर्स को छोड़ कर उन लोगों के लिए कुछ नहीं किया जो अप्रत्यक्ष कर के तौर पर पर टैक्स देते हैं. अगर सरकार ने वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स कम किया होता तो सबको फ़ायदा मिलता. एक बड़े उपभोक्ता वर्ग के हाथ में पैसा बचता. इससे अर्थव्यवस्था में मांग ज़्यादा बढ़ती. जहां तक महंगाई का सवाल है तो वित्त मंत्री ने कहा भारत में महंगाई कम और स्थिर है. साथ ये ही चार फ़ीसदी लक्ष्य की ओर बढ़ रही है. यानी ये रिजर्व बैंक के निर्धारित लक्ष्य के दायरे में जा रही है.यानी महंगाई को लेकर सरकार को ज्यादा चिंता नहीं लेकिन खाद्य महंगाई लगातार तेज़ी से बढ़ रही है. दाल, तेल, आलू, टमाटर जैसी रोजमर्रा के खाने-पीने की चीज़ों की महंगाई लगातार बढ़ी है.

वित्त वर्ष 2022-23 में खाद्य महंगाई दर 6.6 फ़ीसदी थी जो मौजूदा वित्त वर्ष में आठ फ़ीसदी की ओर जाती दिख रही है. लेकिन सरकार इसके लिए यूक्रेन युद्ध जैसे बाहरी कारणों और देश में कमज़ोर मॉनसून को जिम्मेदार ठहरा रही है.सुषमा रामचंद्रन कहती हैं कि महंगाई के मोर्चे पर कोई भी सरकार ज़्यादा कुछ नहीं कर सकती. सरकार किसानों के हितों की अनदेखी नहीं कर सकती.किसानों को उनकी फसलों की अच्छी क़ीमत नहीं मिलेगी तो वो उपज घटा देंगे और इससे चीज़ों की सप्लाई घट जाएगी. ये महंगाई के एक नए दुश्चक्र को जन्म दे सकती है. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी एंड फाइनेंस में प्रोफेसर एनआर भानुमूर्ति कहते हैं, महंगाई पर नियंत्रण के मामले में कोई भी सरकार ज़्यादा कुछ नहीं कर पाती. आजकल खेती पर जलवायु परिवर्तन का असर दिख रहा है. साथ ही अंतरराष्ट्रीय सप्लाई में भी दिक्क़तें आ रही हैं.जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से तेल के तेल और गैस के दाम बढ़ गए थे.अनाज और तिलहन की सप्लाई भी बाधित हुई थी. इससे पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ गई थी. सरकारों को इन हालात से तालमेल बिठा कर महंगाई से जुड़ी नीतियां तय करनी होगी.विश्लेषकों का कहना है कि मोदी सरकार काफ़ी हद तक एनडीए के दो घटक दलों जनता दल (यूनाइडेट) और तेलुगू देशम के समर्थन तक टिकी है.लिहाजा जनता दल (यूनाइटेड) और बीजेपी शासित बिहार को 59000 करोड़ रुपये और चंद्रबाबू नायडू की आंध्र सरकार को 15 हजार करोड़ रुपये दिए गए.राजनीतिक विश्लेषक इसलिए इस बजट को राजनीतिक बजट कर रहे हैं.उनका कहना है कि राजनीतिक मजबूरी की वजह से इन दोनों राज्यों को ये मदद दी गई. जबकि बाकी राज्यों के हिस्से लगभग कुछ भी नहीं आया है. कहा जा रहा है कि ये मजबूत नहीं मजबूर सरकार का बजट है.शरद गुप्ता कहते हैं, बिहार और आंध्र प्रदेश को भले ही विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया लेकिन बजट में उनके लिए खज़ाना खोल दिया गया. जो ये साबित करता है कि जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम का राजनीतिक समर्थन मोदी सरकार के लिए कितना अहम है.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 214 : सूर्योदय पूर्व अरुणाभ अंबर को निहारते श्री राम और सीता जी

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम ने भी श्री हरि विष्णु की प्रतिमा के समक्ष अपने हाथ जोड़े। श्री राम और सीता दोनों एक साथ ध्यान से बाहर आए और अपनी आंखें खोलीं। गवाक्ष से पूर्व दिशा की लालिमा सूर्योदय के आने की सूचना दे रही थी। श्री राम गवाक्ष के पास आ गए और उन्होंने कहा, ''देख रही हो सीते! जिस तरह रात बीतने के बाद भोर हो रही है, जीवन में भी अरुणोदय होता है और मनुष्य एक नई ऊर्जा और एक नई शक्ति के साथ अपने कार्यों में प्रवृत्त हो जाता है। संध्या के समय सूर्यदेव अस्ताचलगामी हो जाते हैं। हमें यह स्मरण कराने के लिए, कि जीवन में अंधकार और प्रकाश, रात और दिन, दुख और सुख ये सब परिवर्तनशील हैं। न स्थाई सुख होता है, न स्थाई दुख होता है। ये सब समय की विस्तृत धारा के खंड हैं। समग्रता तो सत्य के इस ज्ञान में है। समग्रता तो जीवन के हर क्षण को इन द्वंद्वों के बीच भी तन्मयता से जीने और उसका आनंद उठाने में है।''

सीता जी मुस्कुराती हुई गवाक्ष के पास पहुंचीं और श्री राम के हाथों में तीन बार चरणामृत का जल प्रदान किया। श्री राम ने उसे श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

सीता जी ने अंबर में अंगुली से इशारा करते हुए श्री राम से कहा, ''आप सत्य कह रहे हैं प्राणेश! प्राची में क्षितिज के पास उन मनोहरी अरुणाभ किरणों के मध्य एक स्थान पर हल्का कृष्ण आवरण देख रहे हैं?''

''हां सीते! देख रहा हूं।'' श्री राम मुस्कुराए।

सीता जी ने कहा, ''वह और कुछ नहीं है, बल्कि प्रकाश की असंख्य किरणों के मध्य अंधेरे के एक टुकड़े की छोटी सी उपस्थिति है। रात का अंधेरा उन कृष्ण बिंदुओं में सिमट गया है। इसी तरह जब रात होती है तो संपूर्ण अंधकार नहीं होता। यहां तक कि श्रावण मास में भी आप ध्यान से मेघाच्छादित अंबर को देखेंगे, तो कहीं न कहीं प्रकाश के कुछ क्षणिक बिंदु दिखाई देंगे।''

''उचित कहा प्रिये!'' श्री राम ने कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -128

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आखाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 127 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			दृढ़
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

सू- दोकू क्र.128

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.127 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

राशिफल

मेष
आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है।

वृषभ
आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

मिथुन
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

कर्क
आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, साथ ही सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

सिंह
आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। आज फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें।

कन्या
आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

तुला
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।

वृश्चिक
आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें।

धनु
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा।

मकर
आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

कुंभ
आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।

मीन
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा।

सामयिक चर्चा

कीमत में कमी हो, तो बजट में खुशी हो!

केन्द्रीय वित्त मंत्री
श्रीमती निर्मला सीतारमण
के सातवें बजट पर
बड़े-बड़े नेताओं की
प्रतिक्रिया पढ़कर बानी बोले- ''गजाधर!
कोई कहते हैं-
विकसित भारत को
साकार करेगा यह बजट
तो कोई अपना मत रखते हैं - गाँव, गरीब, किसान
विरोधी है यह बजट।
अब आप बताइए आप क्या कहते है?'
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
हम मंगलू मजदूर से
यही प्रश्न करते है- मंगलू बोले- आप सब जन हो
एक से एक पेपर पढ़ेया
तो मैं का बोलू भैया!
हॉ! पन मैं चेहरा देख के
बता सकत हों- कोन ह बजट के तारीफ कर ही
और कोन निनासही।
अउ हॉ! हमर मन बर तो
बजट के खुशी अतके है
के हमर एक किलो शक्कर ले बर
किराना दुकान जाई
तो दुकानदार रूपया लौटात बोले-
शक्कर के कीमत कम हो गेहे
बजट बाद देख तोर
एक नहीं, दू नहीं, एकदम से
सात रूपया बचगे हे।''

गिरीश बख्शी

कविता

तुम कब आओगे ?

सरहद की रखवाली खातिर,
घर-द्वार छोड़, नवेली नार छोड़,
दूर गए हो परदेश बालम,
मैं विरहनी जोगन बन, निहार रही।
तुम कब आओगे ?
चरणरज-धूलि पड़ी जिस पथ पर,
तेरे आने की आशा-प्रत्याशा में,
निहार रही उस पथ को भी।
तुम कब आओगे?
न पड़े तेरे पदचिन्ह जहाँ भी
भटक रही दर-ब-दर वहाँ भी
अनजान राहों से भी पूछने लगी हूँ।
तुम कब आओगे?
वो गलियाँ भी चीखने-चिल्लाने लगी हैं,
तेरे कदमों के आहट सुनने बेकरार,
परिन्दों की भाँति फड़फड़ाने लगी हैं।
तुम कब आओगे?
मधुबन भी अब काट खाने लगा है,
याद जो तुम्हारी अब सताने लगी है,
वो नीम का दरख्त भी पूछ रहा है।
तुम कब आओगे ?
वो ताल की दीर्घ चट्टानें भी,
अब दरकने, टूटने लगी हैं,
इंतजार में तेरे, मुझसे पूछने लगी हैं।
तुम कब आओगे?
वो सरसराती हवा का झोंखा, भी
बार-बार मेरे कानों से गुजर रहा है,
बस एक ही बात पूछ रहा है।
तुम कब आओगे ?

महेन्द्र साहू
''खलारीवाला''
गुण्डरदेही बालोद छ.ग.

प्राथमिक शाला जोंधरा में अध्यापन व्यवस्था का हाल-बेहाल

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम जोंधरा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला जोंधरा में शिक्षा का हाल बेहाल है। प्रतिनिधि ने शाला पहुंचकर कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए शाला के प्रधान पाठक उत्तम साहू की उपस्थिति में 24 जुलाई को उपस्थित विद्यार्थियों से 13 से 19 तक का पहाड़ा को बोलकर सुनाने कहा पर उपस्थित विद्यार्थियों को मात्र 10 तक ही पहाड़ा याद है।

वही विद्यार्थी हिन्दी जैसे विषय को भी धाराप्रवाह पढ़ने में में असफल रहे। शाला में कक्षा पांचवी की दर्ज संख्या मात्र चौदह है।

बच्चों का भविष्य गर्त में

शाला में विद्यार्थियों का स्तर देखकर

स्वतः ही अनुमान लगाया जा सकता है कि जोंधरा प्राथमिक शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों का भविष्य गर्त में जा रहा है। जबकि कक्षा पांचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कम से कम 20 तक का पहाड़ा तो याद होना ही चाहिए एवं हिन्दी जो हमारी राष्ट्रभाषा है बच्चें इस कक्षा के आते तक हिन्दी विषय को बिना अटके धाराप्रवाह वाचन भी करना चाहिए परंतु जोंधरा प्राथमिक शाला में बच्चे हिन्दी जैसे विषय को भी ठीक से पढ़ नही पा रहे है।

विशिष्ट पहचान को खत्म करने की कवायद

विदित हो जोंधरा प्राथमिक शाला की अध्ययन की दृष्टि विशिष्ट पहचान रही है यहां के प्राथमिक स्तर के पहली व दूसरी के विद्यार्थी भी दैनिक अखबारों को धाराप्रवाह पढ़ लिया करते थे शाला में पूर्व प्रधानपाठक रहे खम्हन सिंह भंडारी, अर्जुन सिंह ठाकुर आदि ने जोंधरा प्राथमिक शाला की विशेष पहचान कायम की थी। पर दो वर्षो से शाला के प्रधान पाठक के रूप में आये उत्तम साहू के गैर जिम्मेदाराना शिक्षकीय ढ़ंग के कारण बच्चों का शैक्षणिक स्तर पूरी तरह से गिर गया है।

शिक्षक चार फिर भी भी बेहाल - प्राथमिक शाला जोंधरा की कुल दर्ज संख्या 92 है एवं कुल शिक्षकों की संख्या 4 हैं विद्यार्थियों के अनुपात के आधार पर शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है बावजूद इसके शिक्षा का स्तर इस तरह गिर जाना सोचनीय है एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए चिंताजनक है।

जिले में सर्वाधिक फौजियों की संख्या जोंधरा में - जोंधरा में शिक्षण व्यवस्था प्रारम्भ से ही गुणवत्ता पूर्ण होने के फलस्वरूप ही राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक फौजियों की संख्या ग्राम जोंधरा से है। यद्यपि ग्राम जोंधरा की आबादी लगभग 1500 है। बावजूद इसके वर्तमान में 35 युवाओं द्वारा अलग-अलग बटालियन में सेवा दी रहा है।

प्रधान पाठक को अन्यत्र अटैच करने की मांग

प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उत्तम साहू को शाला के गिरते शिक्षा स्तर को देखते हुए ग्राम के राजेश मेश्राम, नंदूराम साहू, रामलाल सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी से उन्हे अन्यत्र अटैच कर अन्य शिक्षक की पदस्थापना जोंधरा में करने की मांग की है, ताकि जोंधरा में शैक्षणिक स्तर पूर्ववत बना रहे।

शाला पहुंचकर बच्चों का आंकलन किया जायेगा शाला में शेड्यूल के हिसाब से पढ़ाई के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि गुणत्ता बरकरार रहे, किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर प्रधानपाठक पर अवश्य कार्यवाही की जावेगी।

- प्रशांत चिरवरकर - बीईओ, विकासखण्ड छुरिया

बच्चों के अपहरण और यौन शौषण के मामले में खैरागढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई

खैरागढ़(दावा)। नाबालिग बच्चों के अपहरण और यौन शौषण के मामले में खैरागढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, एक महीने के अंदर पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग छह प्रकरणों में अपहृत नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़ में एसपी त्रिलोक बंसल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्रवाई की जानकारी साझा की। एसपी ने बताया कि नाबालिग बच्चों के अपहरण और शोषण के संबंध में दर्ज अपराधों में जिले के अलग-अलग थानों से टीम बनाकर पतासाजी के लिए दूसरे राज्य रवाना की गई थी, 6 अलग-अलग मामलों में पंजाब से एक, बड़ोदरा से दो और हैदराबाद, ग्वालियर और ओडिशा से आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहृत को कब्जे से सकुशल बरामद किया गया है।

एसपी ने बताया, आरोपी फिरोजपुर पंजाब के गुर्जीयान सिंग, छुईखदान के आदर गोंड और खैरागढ़ के दिनेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया है. पास्को एक्ट और विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. एसपी त्रिलोक बंसल ने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा 27 को, बैठक में महाकाल व शिव भक्तों ने बनाई रूप रेखा

मां बमलेश्वरी धाम में होगा भव्य आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ में सावन के पावन माह के अवसर पर राजनांदगांव सिंघोला में स्थिति महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में सवारी पालकी यात्रा के सम्बंध में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें तय किया गया माँ बम्लेश्वरी के धाम में शनिवार 27 जुलाई को महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। समिति के हनी गुप्ता ने बताया इस यात्रा को लेकर शिव भक्तों में उत्साह नजर आया। पिछले वर्ष के भाँति इस वर्ष भी यात्रा सुबह 11 बजे सर्वप्रथम चंद्रमौलेश्वर बाबा का आगमन छोटी मां बम्लेश्वरी प्रांगण जहाँ शिव शक्ति का मिलन व पूजा अर्चना (माता रानी से भेंट) इस के पश्चात दोपहर 01 बजे मुछ वाले हनुमान जी के महावीर मंदिर में हरि-हर का मिलन (ठाकुर जी से भेंट) के बाद दोपहर 02 बजे पालकी यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। जिसमें अखाडा, झांझ मंजीरा ढोल, शिव लीला, बाबा की सवारी पालकी, गायक भजन कीर्तन, शामिल रहेगा। सिंघोला महाकाल मंदिर लगभग 9 वर्षों पूर्ण हो गया है। जिसके संस्थापक पवन डागा राजू डागा है। महाकाल सेना व सिंघोला मंदिर उनके द्वार यह यात्रा राजनांदगांव में सावन के प्रत्येक सोमवार को निकाली जाती है व अन्य दिन में अलग अलग शहरों में यात्रा निकलती है कुल 11 यात्रा निकाली जानी है जिसमे डोंगरगढ़ डोंगरगांव खैरागढ़ महराजपुर में बाबा की पालकी यात्रा निकलेगी।

निखिल जैन ने बताया बाबा जी की पालकी यात्रा नगर मुख्य मार्ग से हो कर निकलेगी। पालकी यात्रा का प्रारम्भ महावीर मंदिर से होंगा। जो शीतल मंदिर एक्सिस बैंक हनुमान चौक गोल बाजार जयस्तंभ चौक टॉकीज चौक रेलवे चौक बुधवारी पारा भंडारी चाल जैन मंदिर मार्ग हनुमान चौक भगत सिंह चौक तराने गली बस स्टैंड कचहरी चौक सिविल लाइन ब्राह्मण पारा मिश्रा किराना शिव मंदिर ठेठवार पारा में समापन किया जायेगा।

यह तय किया गया। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पैजमा महिला वर्ग लाल या पीली साड़ी कुर्ती तय किया गया।समिति के अविनाश पोद्दार जी यात्रा को लेकर बैठक में आये सुझाव व निर्णय के बारे में बताया की, नगर के सभी समाजो व संगठनों समिति द्वारा यात्रा का स्वागत व स्वल्पाहार की व्यवस्था की जायेगी। डीजे धुमाल का नही होगा प्रयोग भक्ति व झांझ मजीरा डमरू की धुन में झूमेंगे भक्त व छतरी रेनकोट लेकर आये साथ यात्रा के अंत मे रहेगी सफाई गाड़ी की व्यवस्था व कोई भी भक्त कोई भी नशे का सेवन कर यात्रा में शामिल ना हो यात्रा के मुख्य मार्ग में पुष्प वर्ष हेतु किया गया आग्रह। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट से मिलेगा सहयोग साथ ही अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रुप से गोपाल खेमका,विश्वनाथ यादव,नरोत्तम शर्मा मनोज गुप्ता विनोद तिवारी बबली नामदेव जगन्नाथ महोबिया गोविंद चोपड़ा सुभाष अग्रवाल अमित जैन बालमुकुंद तराने विमल अग्रवाल अनिल पांडे सुनील तापडिया प्रफुल्ल चावड़ा संजय अग्रवाल राजेन्द्र कोठारी जिज्ञासु टांक आशीष शुक्ला कमलेश काले विकास नामदेव मुकुंद मोहन साहू प्रिंस कक्कड नरेश अग्रवाल प्रशांत तिवारी अजय सिंह ठाकुर हिमांशु वेगड मयूर हथेल शुभम परिहार गिरीश साहू अभिषेक साहू मोनू बिंदल मोहित कोठारी अंचला ठाकुर दुर्गा सिन्हा आलोक सोनी नीरज चौरडिया नितिन शर्मा आलोक प्रताप सिंह अक्षय चौरडिया अमन नामदेव पवन लरोकर निशांत शर्मा हिमांशु गुप्ता वरुण अग्रवाल गोलू चौधरी चित्रांश श्रीवास्तव आकाश ठाकुर वंश शर्मा सागर रजक हितेश वर्मा त्रिलोक मालेकर व अन्य सभी उपस्थिति हुए।

बांधाबाजार में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया

बांधाबाजार (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर बांधा बाजार में दिनांक 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष रामकिशन खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के अतिथि शिक्षक भारत सिंह चौहान थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र मिश्रा ने की। पूजा अर्चना के बाद भईया बहिनों के द्वारा गुरु शिष्य परंपरा विषय पर प्रकाश डाला गया।

तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा गुरुओं के महत्व पर कथा के माध्यम से बताया गया, विद्यालय के भईया बहिनों ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं आचार्य दीदियों का तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंटकर सम्मान कियाअंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आदतन बदमाश पुलिस की गिरफ्त में

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिले मे गुण्डा बदमाश वारंटियो के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है इसी दौरान क्षेत्र के आदतन बदमाश तुलसी शर्मा उर्फ छोटू पिता गणेश शर्मा उम्र 24 साल निवासी अटल आवास दीनदयाल नगर चिखली को दबिश देकर पकड़ा गया। जिसके विरूद्ध न्यायालय द्वारा मारपीट के मामले मे वारंट जारी किया गया था। आरोपी के खिलाफ वारंट तामिल कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल किया गया।

शिक्षा सप्ताह का तीसरा दिन स्थानीय खेल को समर्पित

राजनांदगांव/डोंगरगांव(दावा)। खेलों का सभी के जीवन में बहुत अधिक महत्व है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। आज के युग में हर कोई फिट रहना चाहता है। फिट रहने के लिए योग एवं खेल से बढकर कोई चीज नहीं है। लेकिन मोबाईल के इस युग में बच्चे धीरे-धीरे खेल से विलग होते जा रहे है। शिक्षा सप्ताह का तीसरा दिन स्थानीय खेल को समर्पित है।

घुमका गांव में सुरक्षा समिति का पुनर्गठनः टीआई ने शांति बनाने की अपील की

घुमका (दावा)। गौरव ग्राम के थाना घुमका में थाना क्षेत्र 45 के गांव के जनप्रतिनिधियों व सुरक्षा समिति का मीटिंग लेकर सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सोनित मेरिया, टीआई बसंत बघेल, एएसआई के.आर. नागवंशी, सरपंच फूलमती वर्मा, पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, पीयूष दुबे, पूर्व उपसरपंच जय कुमार वर्मा, उपसरपंच राजेश वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सुरक्षा समिति के पुनर्गठन के साथ कानून में परिवर्तन की जानकारी से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि कोई भी अपराध घटित होता है तो तत्काल थाने को सूचित किया जाए एवं अपराध नियंत्रण में सहयोग करें। टीआई बसंत बघेल ने कहा कि आपसी मनमुटाव आपसी रंजिश व पारिवारिक सामाजिक मामलों को तुल ना देते हुए शांति स्थापित करने की पहल सुरक्षा समिति कर सकती है। पुलिस शांति स्थापित करने व अपराध नियंत्रण में मदद करेगी। पटेवा सरपंच मिथलेश साहू, ऊपरवाह के सरपंच पुनीता साहू, खजरी सरपंच संतराम ठाकुर, खैरझिटी सरपंच प्रतिनिधि देवांगन ने सामाजिक बुराईयों से संबंधित अपराधों को सख्ती से नियंत्रित करने पर बल दिया। इस सुरक्षा समिति के बैठक में क्षेत्र से आये जनप्रतिनिधियों ने घुमंतू पशुओं से फसलों को नुकसान एवं पशुओं को भी नुकसान होने की बात प्रमुखता से रखी। इस बैठक में भेंडरवानी के पूर्व सरपंच टीकम यदु ने कहा कि भेंडरवानी में एक किसान द्वारा किसानों के खेतों तक जाने का मार्ग अवरोध करने की शिकायत की। जिस पर तहसीलदार श्री मेरिया ने समस्या का निदान किए जाने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के 45 गांव से 126 लोगों ने इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

दुष्कर्म का आरोपी चिखली पुलिस के हत्थे चढ़ा, भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक दुष्कर्म के आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया करता था। पुलिस ने आरोपी तुलेश्वर श्याम को उम्र 24 वर्ष को रिपोर्ट के 24 घण्टे के भीतर पकड लिया है। चौंकी चिखली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2024 को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को प्रेमजाल में फंसाकर शादीशुदा होते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा जिससे पीड़िता 7 माह की गर्भवती हो गयी और शादी न कर धोखा देकर फरार हो गया था। इस रिपोर्ट पर धारा 376, 376(2)(द) भार्दवि अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। चिखली पुलिस की टीम ने आरोपी की पतासाजी कर उसके गृह ग्राम में दबिश दी गयी और घेराबंदी कर आरोपी तुलेश्वर श्याम पिता संतराम श्याम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम हालाडुला (कुमर्दा) को पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी तूलेश्वर श्याम को जेल दाखिल कर दिया गया है।

चाकू लेकर लड़की को दौड़ाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध की गई आर्म्स के तहत कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक- 23 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ को सूचना मिला कि बुधवारी पारा डोंगरगढ़ वार्ड न0- 14 की एक लडकी को उसके घर आगे गली में एक व्यक्ति धारदार चाकु लेकर मारने के लिये दौड़ा रहा था जिसे पकड़कर रखे है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी आस्टीन डेविड पिता अविनाश डेविड उम्र 25 साल निवासी जरहागांव थाना जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. को पकड़कर आरोपी से एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि ऐशुराम बनवाली, आरक्षक चमन साहू, ओमप्रकाश का विशेष योगदान रहा है।

विकासोन्मुखी बजट - लक्ष्मीनारायण अग्रवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य एवं डोंगरगढ विधानसभा मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा बजट को विकासोन्मुखी बताया एवं कहा कि सभी वर्गों का ध्यान रखने वाला यह बजट देश के युवाओं, महिलाओं के लिये विकास के नये आयाम गढ़ने वाला साबित होगा।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर रिटायर्ड शिक्षक साहेबलाल जंघेल का सम्मान

गंडई पंडरिया (दावा)। शासन के आदेशानुसार 22 जुलाई सोमवार को नगर के नजदीकी ग्राम कटंगी के शास.उच्च.माध्य.शाला में गुरु पुर्णिमा पर्व मनाया गया, जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना के साथ शुरू किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहेबलाल जंघेल सेवानिवृत शिक्षक रहे, जिसका श्री फल पेन एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, उन्होंने गुरु की महत्ता को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही राह दिखाने के लिए गुरु का साथ चाहिए इसी कड़ी में स्कूल की प्राचार्या पुर्णिमा नेताम ने कहा की गुरु बिन ज्ञान नही, पंक्ति को समझाया, साथ ही जंघेल जी ने राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2010 से 2015 तक संचालित एसआरटीसी (विशेष आवासीय प्रशिक्षण केंद्र) में शाला त्यागी एवं अप्रवेशी लगभग 75 बच्चों को सफलतापूर्वक जो सरकार के स्कीम के तहत अपनी सेवा देकर कार्य किए है, साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटंगी में हेड मास्टर के पद से 2020 में रिटायर्ड हुए है, उनके द्वारा किए कार्यों की जमकर सराहना की, साथ ही कार्यक्रम में रंगोली, निबंध, भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण भी किया गया,

कार्यक्रम में प्रतिनियुक्ति शिक्षक योगेश साहू ने भी गुरुपूर्णिमा के अवसर पर अपनी बात कहीं, इस कार्यक्रम में व्याख्याता अर्चना ताम्रकार, शरद कुमार नेताम, रूपेश कुमार मंडावी, टीकम साहू एस.एम.डी.सी सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन स्कुल के शाला नायक छात्र हिरेंद्र वर्मा एवं छात्रा पुष्पा पटेल ने किया।

युवा वर्ग हो रहा बर्बाद, चांदी काट रहे कोचिए, उजड़ रहा परिवार

ठेलकाडीह (दावा)। गावों में नशे के अवैध कारोबार के साथ ही अपराधों में भी इजाफा हो रहा है। आये दिन ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी, मारपीट सहित अन्य अपराधिक घटनाएं होती रहती है। आपको बता दे कि अधिकांश मामलों में नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों द्वारा अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के लालबाग, सुकुलदैहान, चिखली व घुमका थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब की बिक्री को लेकर ग्रामीणों एवं महिलाओं में आक्रोश पनप रहा है। हैरानी वाली बात यह है कि कोचिए के द्वारा बेधड़क अवैध शराब बेची जा रही है। इसके बाद भी संबधित थाना व चौकी क्षेत्र एवं आबकारी विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब के अवैध कारोबारियों को संरक्षण प्राप्त है। इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खास बात यह है कि राजनांदगांव के कोचिए के द्वारा अपने गुर्गे के माध्यम से लालबाग, चिखली एवं घुमका क्षेत्र में गांव-गांव अवैध रूप से शराब पहुचाई जा रही है। गुर्गो के माध्यम से देशी व अंग्रेजी शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। गांवों में सहज ही शराब मिलने से न सिर्फ नशेड़ियों की संख्या बढ़ रही है। बल्कि गांव का माहौल अराजक हो रहा है।

युवा वर्ग नशे की गर्त में जा रहे है।

पूर्व जनपद सदस्य शैलेद्र देवांगन ने कहा कि शराब की अवैध बिक्री से ग्रामीण परेशान है सबसे ज्यादा महिलाएं परेशानी झेल रहे है। वही युवा पीढ़ी बर्बाद हो रहे है। आबकारी एवं पुलिस विभाग के मौन रवैये के कारण गावो में इस तरह की शराब आसानी से उपलब्ध हो रहे है। इससे महिलाओं और बच्चों पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

गांवों का माहौल हो रहा खराब

चिखली चौकी क्षेत्र के गठुला, बोरी, कांकेतरा, तिलई, सहित अन्य गांवों में अवैध शराब की खेप पहुंच रही है। यहां रोज कई पेटी खप रही है। लिहाजा इन कारोबार से जुड़े लोग चांदी काट रहे और युवा वर्ग शराब की लत से बर्बाद हो रहे है। गठुला, तिलई में अवैध शराब खपाने के लिए रोड किनारे नाममात्र को ढाबा खोलकर अवैध शराब बेच रहे है। जबकि इस मार्ग से पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों का आना जाना लगा रहा है। हालांकि चिखली पुलिस ने बोरी, कांकेतरा में शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।

स्कूल के समीप चल रहा कारोबार

लालबाग थाना क्षेत्र के ढाबा, सिंगपुर, डिलापहरी गांव में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। यंहा मेन रोड में शाम होते ही मजमा लगा रहा है। हालाकि सुबह से ही पियक्कड़ो को अवैध शराब मिल जाते है। जबकि यह कारोबार स्कूल के सपीप चल रहा है। इसके बाद भी विभागीय कार्रवाई न होना बड़ा सवाल है। कुछ दिन पहले ग्रामीणों का विरोध के बाद कार्रवाई जरूर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी फिर कारोबार फलफूल रहा है।

रोड किनारे धड़ल्ले से चल रहा है

घुमका थाना क्षेत्र के कलडबरी चौक से बरबसपुर जाने वाले मार्ग के मध्य स्थित एक दुकान में बेधड़क देशी, अंग्रेजी दोनो किस्म के अवैध शराब बेचा रहा है। कलेवा गांव में दुकान की आड़ में अवैध शराब बेच रहे है। बाटगांव, भटगांव में भी अवैध शराब के चलते माहौल खराब हो रहा है। क्षेत्र के नशेड़ियों का यहा दिनभर जमावड़ा लगा रहता है। आसपास गांव के महिलाओं का कहना है कि घर के लोग शराब पीकर आते है तो झगड़ा फसाद करते है। महिलाओं को आर्थिक तंगी होने के साथ-साथ कलह का भी सामना करने पड़ते है। नशेड़ियों की वजह से महिलाओं को अपमानित होना पड़ता है।

क्षेत्र में पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे है, आगे भी कार्रवाई होगी। जहां पुलिस को जानकारी मिलेगा वहां हम तत्काल कार्रवाई करेगें।

- घुमका थाना प्रभारी, बसंत बघेल

चौकी प्रभारी बंजारे ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब सहित अन्य अपराधिक लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे है। हाल ही में अवैध शराब के खिलाफ बोरी, कांकेतरा में कार्रवाई हुई है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।

- चिखली चौकी प्रभारी नरेश बंजारे

विकसित भारत की ओर अग्रसर वाला बजट : भाजपा

बजट प्रतिक्रिया

छ.ग. के साथ अन्याय का बजट - कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किये गये बजट में देशहित से जुड़े कई बड़े प्रस्ताव शामिल किए गए है। इसका देशभर में असर होगा। बजट में रोजगार पर खास फोकस है। बजट में हर क्षेत्र और हर वर्ग का ध्यान रखा गया है, वहीं कांग्रेस ने बजट को छग के साथ अन्याय बताया है।

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार को जारी हुए केंद्रीय बजट को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने जनता को गुमराह करने वाला और ठगने वाला बजट करार दिया है। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता के हित के लिए कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी ''रेवड़ियां'' बाँट रहा है, ताकि एनडीए की सरकार बची रहे । कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि ये ''देश की तरक्की'' का बजट नहीं बल्कि ''मोदी सरकार बचाओ'' बजट है।10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित

आम जनता को गुमराह करने वाला बजट - कुलबीर सिंह

मोदी सरकार बचाओ बजट

घोषणाएं हुई हैं, जो सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों को लिए केवल सतही बातें हुई हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना सब चुनावी धोखेबाज़ी निकली। ग्रामीण वेतन को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है।

कुलबीर ने कहा कि दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, मध्यम वर्ग और गाँव-गरीब लोगों के लिए कोई भी क्रांतिकारी योजना नहीं है, जैसी कांग्रेस ने यूपीए सरकार में लागू की थी। कुलबीर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली भाजपा के इस बजट में महिलाओं के लिए ऐसा कुछ नहीं है, जिससे उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े और वो वर्कफोर्स में अधिक से अधिक शामिल हों।

उल्टा महँगाई पर सरकार अपनी पीट थपथपा रही है, जनता की गाढ़ी कमाई लूट कर वो पूंजीपति मित्रों में बाँट रही है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन-कल्याण और आदिवासियों पर बजट में आबंटन से कम खर्च किया है क्योंकि ये भाजपा की प्राथमिकताएँ नहीं हैं। इसी तरह कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 1 लाख करोड़ कम खर्च किया है, तो फिर नौकरियाँ कहाँ से बढ़ेंगी? कुलबीर सिंह छाबड़ा ने केंद्रीय बजट पर तंज कस्ते हुए कहा कि शहरी विकास, ग्रामीण विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई , इन्वेस्टमेंट, इवी योजना - सब पर केवल डॉक्यूमेंट, पालिसी, विजन, रिव्यु आदि की बात की गई है, पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है।

बजट में किसानों, महिलाओं व आम आदमी के लिए कुछ नही- छन्नी साहू

खुज्जी (दावा)। विधानसभा पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जी ने लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस बजट से किसानों, महिलाओं व आम आदमी को निराशा हाथ लगी है, जहां किसानों को पर्याप्त एमएसपी नही दिया जा रहा, वही घरेलू सामानों में बढ़ती महंगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया है जिससे महिलाओं को रसोई संभालना मुश्किल हो गया है, आम आदमी के लिए उपयोग में आने वाली पेट्रोल, डीजल के दामो पर सरकार का नियंत्रण न होने से सबक जीवन प्रभावित हो रहा है, यह बजट पूरी तरह से किसानों, महिलाओं व आमजनों के लिए लाभदायक नही है।

गरीब, किसान महिलाएं वह युवाओं को बूम देने वाला बजट- राजेश गुप्ता अग्रहरि

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सास्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई को लोकसभा में प्रस्तुत मोदी-03 के बजट को गरीब किसान मजदूर महिलाएं वह युवाओं को बूम देने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस जनहितकारी बजट से गरीब, किसान मजदूर युवा महिलाएं लाभान्वित होंगे साथ ही व्यापार व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खास कर गरीब व युवा वर्ग को ध्यान में रखकर बजट बनाया है जिसमें सड़कों का जाल, एक्सप्रेस-वे बेमिसाल जैसी सुविधाएं व 12 नए हब को मंजूरी, टैक्स के स्लैब में बदलाव के तहत टैक्स में 3 लाख तक कोई टैक्स नहीं, 7 से 10 लाख तक 15 प्रतिशत व 15 से 20 लाख तक 20 प्रतिशत दर पर टैक्स के प्रावधान देने से व्यापार व्यवसाय से जुड़े लोगों को टैक्स पटाने में सहुलियत होगी, वहीं मध्यम वर्ग को भी इससे लाभ मिलेगा।

श्री अग्रहरि ने कहा कि मोदी सरकार 03 की इस बजट में 21 हजार करोड़ का पावर सब, स्पेशल इकानामी के लिए 1000 करोड़, व्यापार व्यवसाय करने वालों को मुद्रा लोन में 10 से 20 लाख रुपए की वृद्धि, सोने- चांदी से लेकर जूते चप्पल कपड़े आदि सस्ते किए जाने से व्यापारी वर्ग सहित हर वर्ग लाभान्वित होगा। राजग वाली मोदी सरकार 03 के इस बजट को व्यापार व्यवसाय को बूम देने वाला तथा युवा वर्ग को नौकरी व रोजगार देने वाला तथा कृषि के क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़, 5 राज्यों में किसान कार्ड लांच कर किसानों को गरीबी से निकालने वाला बजट बताया है। इसमें महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना, युवाओं को इंटर्नशीप योजना से रोजगार के बंपर अवसर मिलने के मार्ग प्रशस्त किए गए हैं। जिससे यह बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला साबित तो होगा ही साथ ही हमारा देश अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भी नई ऊंचाईयों को छूएगा, धर्म स्थलों के व्यापक विकास विस्तार से भारत पुनः विश्व गुरु की गद्दी पर बैठने वाला देश हिन्दुस्तान होगा।

विकसित भारत की ओर अग्रसर बजट - आभा तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकासशील राष्ट्र बनाने के लिए कमर कस ली है, जिला भारतीय जनता पार्टी की उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी ने सातवीं बार बजट पेश की हैं और मोदी सरकार का 13 वा बजट है जो ज्ञान (हलंद) पर आधारित है अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता, महिला पर फोकस करता बजट है। भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में अपना विश्वास तीसरी बार जताया है।यह अमृतकाल का बजट शताब्दी पर विकसित भारत की ऊंचाई को छु लेगा, उच्च बहुराष्ट्रीय कंपनियों में युवाओं को 5 साल इंटर्नशिप की सुविधा मिलेगीए उन्हें आर्थिक सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगा, ट्रेनिंग के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी, युवा पहल की तुलना में और अधिक कुशल युक्त होंगे। 5 करोड़ आदिवासियों को होगा फायदा आदिवासी समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान शुरू कि जाएगी इस योजना में आदिवासी बहुल गांव और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवार के लिए संतृप्त कवरेज को अपनी गई जिसमें 63,000 गांव को कर किया जाएगा।

एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप जिसमें 5000 प्रति माह इंटर्नशिप भी 6000 का एक मुश्त सहायता दी जाएगी। मंदिर, टूरिज्म पर भी फोकस है। बजट रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाओं की घोषणा की है पहली बार नौकरी करने वाले सभी औपचारिक क्षेत्र में नए प्रवेश को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की दिशा में ईपीएफओ दिशा निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों और न्यायिकताओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा इसके साथ ही कर्मचारियों को सहायता जिसमें सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगारए 50 लाख लोगों को अतिरिक्त रोजगार देने के लिए प्रोत्साहन योजना शामिल है। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक का लोन। लखपति दीदी 3 करोड़ करने का फैसला देश के 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप को स्कीम के जरिए बढ़ावा देंगे।

महंगाई से राहत नहीं मिलेगी- दीपक बेताल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक बेताल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आयकर स्लैब में मामूली परिवर्तन से वेतन भोगियों को महंगाई के हिसाब से कोई राहत नहीं मिलेगी। शासकीय कार्यालय में रिक्त लाखों पदों को भरने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है जिससे सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की संभावना कम है।

आम जन हितैषी बजट, जिसमें सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है : बिशेसर दास

राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ भाजपा नेता, नवाचारी कृषक एवं सांसद प्रतिनिधि बिशेसर दास साहू ने मंगलवार को जारी केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजह आम जनता का हितैषी बजट है जिसमे मोदी सरकार ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बिशेसर दास साहू ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो बजट पेश किया है वह सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपए, महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए, 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके 4 करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिया जाएगा, यह अपने आप में बहुत बड़ी योजना है।

कौशल विकास में प्रशिक्षित लोगों के लिए मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा और वह अपने स्तर पर अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। कृषि विकास मे दलहन और तिलहन को फोकस किया गया है, किसानों को बिजली मुफ्त देने के लिए सौर ऊर्जा से बिजली के कनेक्शन हेतु विशेष छूट का प्रावधान किया गया है, जिसका सीधा लाभ किसान उठाएंगे और कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। बिशेसर ने कहा कि किसानों का विशेष ख्याल रखते हुए 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। बिशेसर दास साहू ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट देश के विकास को और ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट है।

बजट विकसित भारत की ओर एक और महत्वपूर्ण कदमः पवन निर्मलकर

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने कहा कि इस बजट में कौशल विकास व रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है ताकि युवा सशक्तिकरण के प्रयासों को और सशक्त किया जा सके. केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सातवीं बार बजट पेश किया. श्री निर्मलकर ने जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इस बजट को विकसित भारत में एक महत्वपूर्ण कदम है. श्री निर्मलकर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि अमृतकाल से शताब्दी काल के सफर में एक विकसित भारत का निर्माण हो जो कि इस बजट का मुख्य अंश है. कृषि, ग्रामीण विकास, अधोसंरचना, सिंचाई, शिक्षा या स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह एक सम्पूर्ण बजट है. पवन निर्मलकर ने आगे कहा, यह एक प्रगतिशील बजट है जो किसान, गरीब, युवा और महिला के समेकित विकास के प्रति प्रतिबद्ध है. इसमें कौशल विकास व रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है ताकि युवा सशक्तिकरण के प्रयासों को और सशक्त किया जा सके. विकसित भारत की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है.

जनसुविधा में व छ.ग. के साथ अन्याय का बजट- कुसुम दुबे

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहीं की यह बजट आम जनता के साथ छल और छ.ग. के साथ अन्याय करने वाला बजट है इस बजट में ना तो सीनियर सिटीजन, छात्रों, मासिक पासधारीयों को जो रेलयात्रा में छूट मिलती थी उसका प्रावधान फिर से नहीं किया गया है और तो और छत्तीसगढ़ के लिए कोई भी सड़क परियोजना का प्रावधान ना करने के साथ-साथ छ.ग.में नया रायपुर में एम्स के लिए 4 वर्ष पूर्व की घोषणा जिसके लिए भूमि अधिग्रहित कर केंद्र को सौप गई है उसके लिए भी केंद्र सरकार ने कोई राशि का प्रावधान नहीं किया है रिचार्ज महंगा मोबाइल सस्ता जनता के साथ मजाक भी है इससे यह साबित होता है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय का सिलसिला लगातार जारी रखे हुए हैं।

केन्द्र का बजट समग्र विकास वाला-विवेक साहू

राजनांदगांव (दावा)। सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए देश की समग्र विकास वाला बजट बताया। देश के गांव गरीब और किसान सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। गरीब कल्याण योजना के तहत् निःशुल्क राशन वितरण किसानों के लिये 1.25 लाख करोड़ रूपये प्रावधान किया गया है। किसान सम्मान निधि योजना तथा 32 नई फसलें लाकर किसान को समृद्ध बनाया जायेगा। 25 हजार ग्रामों को नई सड़क योजना से जोड़ी जायेगी महिलाओ के कल्याण एवं समृद्धि हेतु 3 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। कार्पोरेट सेक्टर से मिलकर महिला हॉस्टल बनाया जायेगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ परिवारों को हर महीना 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्राप्त करने के सक्षम बनाने के लिये पीएम सूर्यघर योजना मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। जनजातिय समुदाय की सामाजिक आर्थिक स्थिति सुधारने प्रधानमंत्री जनजातिय उन्नत ग्राम- अभियान की शुरूआत की जायेगी इस योजना के माध्यम से 63 हजार ग्राम के 5 करोड़ से अधिक जनजातिय लोग लाभान्वित होंगे। 5 स्थलों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करने 1.48 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया हो। श्री साहू ने कहा कि यह बजट महंगाई को राहत देने वाली बजट साबित होगी।

छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन का निर्णय सराहनीय - गीता साहू

राजनांदगांव (दावा)। शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कैबिनेट के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि कैबिनेट द्वारा छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य के अन्नदाताओं को उनकी उपज का अधिकत्तम मूल्य प्राप्त होगा। आगे कहा कि अधिनियम में संशोधन होने से अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी, व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता भारत सरकार द्वारा संचालित ई-नाम पोर्टल (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज की खरीदी-बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे। इससे छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और विक्रेताओं को अधिकतम मूल्य मिल पाएगा। साथ ही कृषक कल्याणकारी गतिविधियों के लिए मंडी बोर्ड अपनी सकल वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश और परिपत्रों को निरस्त किया गया है। इन प्रपत्रों के अंतर्गत जारी आदेशों के तहत आबंटित भूमि की जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाइट में प्रदर्शित की जाएगी और इस विषय में कोई भी आपत्ति और शिकायत प्राप्त होने पर संभागीय आयुक्त द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी।

विकसित भारत बनाने हेतु महत्वपूर्ण बजट - आशीष युसुफ

राजनांदगावा (दावा)। केंद्र सरकार ने आम बजट पेश किया है. इस पर भाजपा अल्पसंख्यक के प्रदेश आई टी सेल प्रभारी आशीष युसुफ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट से युवाओं को इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर, टैक्स स्लैब से मध्यम नौकरीपेशा लोगों को फायदा, गांव मे पक्की सड़क कि योजना, सोलर परियोजनाओं से आम लोगों को मुफ्त बिलजी के लाभ, रोजगार के सृजन के अवसर से युवाओं को अत्यधिक लाभ होगा। यह बजट युवाओं के रोजगार के अवसर और विकसित भारत बनाने हेतु महत्वपूर्ण बजट है।

प्रथम पेज का शेष

आम बजट में भेदभाव का आरोप लगाते....

वह बेतुके हैं और अस्वीकार्य हैं।'' सीतारमण अभी जवाब दे ही रही थीं कि विपक्षी दलों के सदस्य सदन में लौट आए। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने बजट में पश्चिम बंगाल को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। इस पर पलटवार करते हुए सीतारमण ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार कई केंद्रीय योजनाओं को राज्य में लागू नहीं कर रही है। थोड़ी देर के लिए इस मुद्दे पर सदन में हंगामा भी हुआ।

सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों से कहा कि बजट पर चर्चा के लिए 20 घंटे का समय आवंटित किया गया और इस दौरान सभी सदस्य विस्तार से अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह चर्चा के समय को और बढ़ा देंगे और सभी को बोलने का मौका देने का प्रयास करेंगे। इसके बाद शून्यकाल आरंभ हुआ और सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ी।

बिहार में एंटी पेपर लीक बिल पास-....

साथ ही नए कानून में इस बात का भी प्रावधान किया है कि मामले की जांच सरकार किसी भी जांच एजेंसी से करवा सकती है। बता दें कि इस बिल को मानसून सत्र के दूसरे दिन ही पेश होना था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार इसे पेश नहीं कर पाई। सदन में एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। इसके बावजूद, सरकार ने बहुमत के आधार पर बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक 2024 पास कर दिया।

विपक्ष पर भड़के नीतीश - बुधवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के कारण प्रश्नकाल बाधित हो गया। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन हंगामे के कारण लंच तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी प?ी। विपक्ष के हंगामे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। नीतीश ने कहा कि विपक्ष से चुपचाप बैठ जाइए। नीतीश ने राजद की महिला विधायक को भी फटकार लगाई। स्पीकर नंदकिशोर यादव भी विपक्ष पर भड़क गए। स्पीकर ने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि सदन चले। हंगामा को देखते हुए सदन गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र के पांच...

उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (नौकरी पैदा करने के लिए) थी। जब आपने रोजगार-लिंक्ड योजना शुरू की तो इसके पीछे कोई कारण रहा होगा। मुझे संदेह है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पीएलआई ने उस तरह की नौकरियां पैदा नहीं कीं, जैसी आप पैदा करना चाहते थे। 'वित्त मंत्री इस सदन को बताएंगी पीएलआई का नतीजा'- पी. चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सवाल करते हुए कहा कि तो, क्या वित्त मंत्री इस सदन को बताएंगी पीएलआई का नतीजा क्या रहा? एक बार जब हमें नतीजे पता चल जाएंगे तो हम आगे देख सकते हैं कि ईएलआई से क्या उम्मीद की जा सकती है। मंगलवार को अपने भाषण में सीतारमण ने सरकार के सहयोग से तीन ईएलआई के घोषणा की, जिसमें पांच साल की उद्योग इंटर्नशिप योजना (जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह नकल की गई है) भी शामिल है।

सात हजार करोड़ से अधिक का पहला ...

से गोदवारा रोड (अंडरब्रिज एवं ओव्हर ब्रिज सहित) तक पुराने स्ट्रीट लाइट के स्थान पर नए एलइडी स्ट्रीट लाइट, कवर्धा से राजनांदगांव रोड कबीर चौक सरोधा नहर पार में स्वैरबना तक 5.00 किमी. (अनुमानित लागत 750 लाख) निर्माण कार्य जिला कबीरधाम विकासखंड कवर्धा के जेवड़नकला से कैलाशनगर मार्ग लं. 3.40 किमी. (अनुमानित लागत 615 लाख) निर्माण पुल पुलिया सहित जिला कबीरधाम विकासखंड सहसपुर लोहारा के खैरबना से बाजगुड़ा मार्ग लं. 3.40 किमी. (अनुमानित लागत 615 लाख) आदि।

प्लेन की आग में जलकर खाक...

शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे। जांच में पता चला था कि यति एयरलाइंस का हादसा पायलट की गलती से हुआ था, जब विमान के पायलट ने गलती से पावर कट कर दिया था, जिससे विमान हादसे का शिकार हो गया।

राहुल गांधी ने की किसान नेताओं से ...

राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया गया था। हमने इसका पूरा आकलन किया है और इसका कार्यान्वयन संभव है। राहुल ने सरकार पर दबाव डालने का दिया आश्वासन- नेता विपक्ष ने कहा कि इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आईएनडीआईए के सभी घटक दलों के नेताओं से चर्चा कर हम संयुक्त रूप से सरकार पर दबाव डालने का प्रयास करेंगे, ताकि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलना सुनिश्चित किया जा सके। हरियाणा में किसानों के खिलाफ हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच का मुद्दा भी इन नेताओं ने उठाया और नेता विपक्ष ने संसद में इसे मामले को उठाने का आश्वासन दिया।

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

225 लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ लिया

राजनांदगांव (दावा)। प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य ईश्वरीय सेवा का कार्य है, इसमें ईश्वर की कृपा का विशेष योगदान होता है। उक्त उद्गार कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शर्मा ने सिंधु भवन में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किया श्री शर्मा ने कहा कि व्यक्ति जैसी सोच रखता है वैसा उसका शरीर ढलता है अगर व्यक्ति ने नकारात्मक सोच को अपने दिमाग में बैठा ली कि मैं ठीक नहीं हो सकता तो वह कभी ठीक नहीं होगा वह लगातार किसी ने किसी बीमारी से ग्रस्त रहता है और अगर व्यक्ति यह सोचता है कि मैं स्वस्थ हूं तो वह जल्दी ठीक हो जाता है इसलिए सोच का व्यक्ति के जीवन में बहुत असर होता है शर्मा ने प्राकृतिक चीजों जैसे सब्जी, फल से भी बीमारी को दूर करने की कला का विस्तार से वर्णन किया। पूज्य पंचायत हेमु कालानी नगर के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के सुप्रसिद्ध डॉ. शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में आज सिंधु भवन में 225 मरीज का इलाज किया गया।

सभी ने प्राकृतिक चिकित्सा की प्राचीन परंपरागत विधि से घुटने दर्द, कमर दर्द एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए रामबाण नुस्खा बताया। कई लोगों ने अपने असाध्याय बीमारियों को इलाज के बाद आराम पाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

उद्घाटन सत्र का विधिवत शुभारंभ आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी, मन्नूमल मोटलानी, डॉ राजेश डुलानी, डॉ हीरालाल मोतीरामानी, ने उदयपुर के डॉ. शर्मा एवं टीम का स्वागत अभिनंदन एवं आराध्य देव झूलेलाल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूज्य पंचायत के महासचिव अमर लालवानी ने एवं आभार प्रदर्शन पूज्य पंचायत झूलेलाल नगर के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज ने किया। शिविर में अशोक मोतीरामानी, अरुण पवन घनसनी गिरधारी पंजवानी उक्त जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने दी।

लायंस वृहद वृक्षारोपण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि रहे

राजनांदगांव(दावा)। लायंस इंटरनेशनल 'डिस्ट्रिक्ट 3233 सी.के. लायन एम.जे.एफ. सुधीर जैन के नेतृत्व में प्रकल्पनुसार लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी 066 386 द्वारा अध्यक्ष लायन तरनदीप सिंग अरोरा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि माननीय डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ शासन, विशिष्ट अतिथि-संतोष पांडे सांसद राजनांदगांव, आर.सी. लायन राजेश जैन, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेड़ी राजनांदगांव के प्रांगण में संपन्न हुई।

डॉ.रमन सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लायंस क्लब एवं नानक वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास की प्रशंसा के साथ वृक्षारोपण का आव्हान करते हुए कहा-''सांसें हो रही है, काम आओ वृक्ष लगाए हम'' का संदेश दिया। सांसद महोदय संतोष पांडे द्वारा केंद्रीय सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रीन कॉरिडोर, सौर्य ऊर्जा एवं अन्य योजनाओं से अवगत कर माननीय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के संदेश ''एक पेड़ मां के नाम'' लगाने प्रेरित किया गया। लायन पूर्व गवर्नर पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना के वक्तव्य में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के आपातकालीन सेवाओं के साथ प्राकृतिक ऑक्सीजन की उपलब्धता के संबंध में जानकारियां प्रेरणादायक रही।

इस आयोजन में विशेष उपस्थिति जिलाधीश संजय अग्रवाल, डॉ. गहिने डीन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डॉ.चंद्रशेखर महोबे लायन एम जे एफ बृज किशोर सुरजन, लायन राजेश जैन (सी.ए.), लायन राजेश जैन (रीजन चेयर) का विशिष्ट सहकार्य रहा।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में शहर के गणमान्य प्रतिनिधियों में रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, किसुन यदु, गुरमुख दास वाधवा आभा तिवारी रघुवीर वाधवा एवं कार्यकर्ताओं का समावेश एवं सहभागी रहे। लायंस क्लब के सदस्य लायन सुनील मुंदड़ा लायन उमेद कोठारी, लायन संतोष लोहिया, लायन एम.जे.एफ.राजकुमार शर्मा, लायन अशोक चौधरी, लायन दुष्यंत दास, लायन अजय लोहिया, ला.राजेश नागवानी, लायन नेहा गुप्ता ला.प्रकाश श्रीमल, ला.शोभा चौरसिया, ला.अशोक जी पवार, ला. मुकेश चौबे, ला.अनीता जैन, लायन त्रिलोक सिंग, लायन रोहित वर्मा प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजक लायन राजेश राजा मखीजा के उत्कृष्ट संयोजन द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान सराहनीय रहा। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी सचिव लायन डॉ. गिरीश श्रीवास्तव ने सम्माननीय अतिथियों एवं सदस्यों की गौरवशाली उपस्थिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

आंगनबाड़ी से लापता तीन साल के मासूम की 3 किमी दूर नाले में मिली लाश, कलेक्टर ने गठित की जांच समिति

बालोद(दावा)। डोंडीलोहरा ब्लाक के ग्राम भेड़ी में स्थित आंगनबाड़ी से मंगलवार दोपहर से लापता तीन साल के नैतिक सिन्हा का शव आज सुबह गांव से 3 किमी दूर नाले में मिला। बताया जा रहा है कि आगनबाड़ी में पड़ने गया 3 साल का बच्चा आगनबाड़ी से लगे 4 फिट के नाले में बह गया। मिली जानकारी के अनुसार, कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने चार सदस्यीय समिति के गठन का आदेश जारी किया है. आदेश में बताया गया कि डौण्डीलोहारा तहसीलदार द्वारा संज्ञान में लाया गया कि ग्राम भेड़ी के आंगनबाड़ी क्रमांक 1 में आए बच्चों में से एक नैतिक सिन्हा लापता हो गए हैं। आंगनबाड़ी में आए बच्चों में से एक बच्चे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नैतिक सिन्हा आंगनबाड़ी के समीप में नाले में बह गया है। इसके बाद से पुलिस विभाग, नगर सेनानी विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम नैतिक सिन्हा की खोज में जुटी है।

ग्राम भेड़ी में ग्राम पंचायत से लगे आँगनबाड़ी में 3 साल का नैतिक सिन्हा पिता वासुदेव सिन्हा पड़ने गया था। जहा वो बच्चों के साथ बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते पास के नाली में बह गया। घटना के सूचना मिलते ही एसडीएम पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। बच्चे की तलाश की गई मगर देर शाम समाचार लिखे जाने तक बच्चे की तालाश जारी रखी। 1 किलोमीटर दूर बटेरा नाला है, जो गांव का नाली वहां जा के मिलता है तो बच्चा बह के वहां तक पहुच गया होगा। क्योकी पिछले 3 दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश से छोटे-छोटे नाले उफान पर है। पूरे मामले में अब लापरवाही की बात भी समाने आई है। जहां बच्चा आगनबाड़ी में पड़ने गया था और ये घटना घट गई इसमे बड़ी लापरवाही आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की देखी जा रही है। नाले में बहे बच्चे का आगनबाड़ी में मंगलवार को दूसरा दिन था। वहीं डोंडीलोहरा पुलिस भी अब मामले में आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का बयान लेकर विवेचना कर रही है। वहीं इतने बड़े नाली को ऐसे खुला छोड़ने के मामले में पंचायत के सचिव और सरपंच की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहाँ देखना होगा कि क्या आगे कार्यवाही की जाती है।

पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं, आईए वृक्षारोपण करें - राष्ट्रीय सेवा योजना

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नियमित गतिविधि के अंतर्गत विस्तार गतिविधि द्वारा एनएसएस एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से वृहद रूप से वृक्षरोपण अभियान चलाया गया। प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कहा कि पेड़ हमारे शहर को पर्यावरणीय, सौंदर्य, सामाजिक और आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं।

हमारे पास भविष्य की पीढ़ीयों के लिए एक स्वस्थ और विविध वन हो पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण बेहतर होती है, इससे हवा शुद्ध होती है, पानी की बचत होती है, जलवायु नियंत्रण में मदद मिलती है, मिट्टी सुरक्षित रहती है, पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा हैं द्य प्रदूषित पर्यावरण के खतरों से आगाह करते हुए वृक्षारोपण करने के लिए एनएसएस की टोली प्रोत्साहित भी कर रही है वृक्षों की रक्षा एवं उनके रख रखाव करना भी आवश्यक है क्योंकि वृक्ष तो कई लोग लगाते हैं परंतु उसकी देखभाल नहीं हो पाती इसलिए एनएसएस के छात्रों द्वारा उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है क्योंकि वे बिना किसी संरक्षण के अभाव में सुख जाते हैंद्य अतः आज आवश्यकता है वृक्षों के रखरखाव के साथ वृक्षारोपण की। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि हमारे घरों के पास और हमारे समुदाय में लगाए गए पेड़ तापमान को नियंत्रित करते हैं, वे हमें पृथ्वी और पर्यावरण की देखभाल के महत्व की याद भी दिलाते हैं। क्योंकि पेड़ बढ़ने के साथ ही हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को हटा देते हैं। इसलिए पेड़ लगाने से जलवायु परिवर्तन को सीमित करने में मदद मिलती है आज एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण अभियान आने वाला कल की सुनहरी लकीर लिखने का प्रयास सराहनीय है। हम सभी को चाहिए कि एक पौधा हम अवश्य लगाए द्य वृक्ष किस प्रकार मानव के लिए आवश्यक है यह प्रत्येक व्यक्ति के जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहयोग प्रदान करेंद्य एनएसएस के युवाओं ने देखभाल करने का प्रतिज्ञा भी लिया है जो काफी सराहनीय पहल है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने नगर कोसरिया यादव समाज की बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। 21 जुलाई 24 दिन रविवार को नगर कोसरिया यादव समाज के तत्वाधान मे बसंतपुर सामुदायिक भवन मे प्रतिवर्षानसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्मोत्सव धुमधाम से मनाने बैठक रखी गई थी।

सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा अर्चना के पश्चात कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव दो दिवसीय आयोजन करने के विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई।जिसमे आयोजन समिति का गठन, शोभा यात्रा मे वार्डों से निकलने वाली झांकी को व्यवस्थित आरंभ से समापन स्थल तक की रुपरेखा तैयारी, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का पंजीयन, जन्माष्टमी तक वार्डों की बैठक सम्पन्न करने गोटियागणों से संपर्क व बैठक की सुचना पार प्रमुखो व सदस्यों को निमंत्रण, महिला, युवा व समाज के वरिष्ठों को अधिक से अधिक संख्या मे सहभागिता निभाने व कार्यक्रम को सफल बनाने अपील करते हुवे, बैठक मे उपस्थित नगर गौटियागणों व नगर पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ अपनी बात रखी।

इसी के साथ जमातपारा संगठन के प्रमुखों ने जमातपारा मे 4 अगस्त 2024 को बैठक, इसी प्रकार नंदई, गौटियागणों ने 11 अगस्त 2024 को नंदई में बैठक की सुचना नगर कोसरिया यादव समाज को दी है। तदपश्चात गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, नवागावा, बसंतपुर मे बैठक सम्पन्न कर कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी पर समीक्षा की जावेगी। आज के बैठक में प्रमुख से, नारायण यादव, मन्ना यादव, मन्नु यादव, वासुदेव यादव, रवि यादव, बसंत यादव, राजेश यादव, बली यादव, पुना यादव, रेखु यादव, अर्जुन यादव, राजीव यादव, प्रकाश यादव, अरुण यादव, छबि यादव, मुकेश यादव, शेखर यादव, रामकृष्णा यादव, तीरथ यादव, श्रीमति मंजु यादव, संतोषी यादव, शीला यादव, रजनी यादव, दुर्गा यादव, कामनी यादव, फिरन्तीन यादव, भोला यादव आदि ने अपनी उपस्थिती प्रदान की।

मरणोप्रांत शरीर दान करने हेतु घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कबीर आश्रम सुन्दरा में अलख राम साहू उनके धर्मपत्नि मंटोरा बाई साहू पुत्र हेमंत साहू मूल निवासी निकुम वर्तमान निवासी चिखली वार्ड नं. 05 राजनांदगांव ने घोषणा पत्र भरकर 22 जुलाई 2024 को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में जमा कर दिया गया।

मनुष्य के मरने के बाद जलाया या दफनाया जाता है क्यों ना हमारे शरीर को डॉक्टर (एम.बी.बी.एस.) बनने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मृत शरीर की आवश्यकता पड़ती है जिसे चीन फाड़ कर एवं पढ़ाई पूर्ण कर डॉक्टर बनते है और अपने जीवन काल में हजारों लोगों का इलाज कर दुख से छुटकारा दिलवाते है।

इसलिए डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना गया है, आंख किडनी, वगैरह दूसरे व्यक्ति का काम आ जाता है जिससे अपनी जिन्दगी अच्छे से व्यतीत करते है। यह घोषणा पत्र फार्म जगदीश राम साहू के प्रेरणा से डी.आर. सिन्हा व वरूण कुमार चिखली के समक्ष भरकर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में जमा किया गया।

रैंगाकठेरा बखत स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा पर्व

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रैंगाकठेरा बखत में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, अध्यक्षता जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्योहरे, विशेष अतिथि पीआर झाडे एडीपीओ, एमआर अंसारी एपीसी, मनोज मस्काम एपीसी, भगत सिंह ठाकुर बीआरसी, सरपंच श्रीमती लता ठाकुर, उप सरपंच गुलाब वर्मा, जनपद सदस्य गणेश राम साहू व प्राचार्य श्रीमती विभा सोलंकी रही। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने गुरु के महत्व को बताया एवं सभी के द्वारा गुरू के योगदान पर उद्बोधन दिए गए। सेवानिवृत शिक्षकों का छात्रों द्वारा सम्मान किया गया।

कोष्टी (हल्बा) समाज की वार्षिक बैठक हुई संपन्न-हितेश

राजनांदगांव (दावा)। कोष्टी (हल्बा) समाज की वार्षिक बैठक 21 जुलाई 2024 रविवार को शांतिनगर चिखली में रखी गई थीं समाज में प्राप्त वार्षिक शुल्क के बारे में जानकारी प्रदान की गई और वार्षिक आय व्यय का ब्योरा प्रदान किया गया।

समाज में विशेष सहयोग देने वाले पदाधिकारियों स्मृति चिन्ह, गमछा श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मान

समाज के अध्यक्ष हितेश गोन्नाडे का एक वर्ष का कार्यकाल समाज के लिए नई दिशा प्रदान करने वाला रहा समाज के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष हितेश गोन्नाडे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा समाज में विशेष सहयोग देने वाले पदाधिकारियों सचिव सुरेश डेकाटे, कोषाध्यक्ष उमेश डेकाटे, उपाध्यक्ष रूपलाल पराते, महांमत्री राकेश डेकाटे, राजेश नंदनवार, लेखीराम पराते, दिनेश डेकाटे, अशोक पराते, अतुल निपाने, प्रमोद गोन्नाडे, चंद्र शेखर बारापात्रे, नेतराम लिमजे, विकेश नंदनवार, विकाश बारापात्रे, राजू कुंभारे, राजेश गोन्नाडे, मनीष डेकाटे, शुभम उमरेडकर का स्मृति चिन्ह, श्रीफल, गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान संरक्षक नत्थूलाल हेड़ाऊ, गोपाल कुंभारे, रमेश बारापात्रे, खेमचंद नंदनवार, प्रेमनाथ डेकाटे, छोटेलाल हेड़ाऊ, तुलाराम नंदनवार, महेश निन्नावे, अनिल नकली, सुधीर डेकाटे, मनोज डेकाटे, संतोष रंभाड़, गुलाब डेकाटे, अनिल निखारे, चंद्रेश डेकाटे, जितेन्द्र उमरेडकर, भूपेंद्र पराते, सोनू हेड़ाऊ, राहुल डेकाटे, राकेश गेन्दू हेड़ाऊ, मुकेश डेकाटे, नितिन गोन्नाडे, पीयूष डेकाटे, देवेंद्र डेकाटे, राहुल उमरेडकर, रामकृष्ण पराते, सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

देश के मजदूर आन्दोलन में लाल के बजाय भगवा झंडे का वर्चस्व

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस समारोह आज स्थानीय दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक के हॉल में एक विचार गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ। विचार गोष्ठी को भामसं के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शनदास मानिकपुरी, अलका बारसागढ़े, गजानंद मिश्रा व भारती शर्मा ने संबोधित किया। समारोह के मुख्य वक्ता भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने भारतीय मजदूर संघ के प्रथम क्रमांक पर होने की बात को जोर देते हुये कहा कि भले ही भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रम संगठन बन गया हो, एशिया में भी हम सबसे बड़े संगठन है, चीन के सरकारी ट्रेड यूनियन को छोड़ दे तो हम पूरी दुनिया में भी सर्वाधिक सदस्यता वाले श्रम संगठन है, बावजूद इसके हमारा कार्य अभी भी अधूरा है। जब तक असंगठित क्षेत्र के एक-एक मजदूर को संगठित करके उनको उनका हक व अधिकार नही दिला देते तब तक हमारी लड़ाई अधूरी है, हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारी बरसात के बावजूद तय समय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भामसं का स्थापना दिवस मनाने एकत्रित हुये और विचार गोष्ठी व सार्वजनिक सभा भीगते हुये पानी में संपन्न हुआ। गोष्ठी में सभी यूनियनों ने क्रमशः अपना-अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया फिर विचार गोष्ठी प्रारंभ हुई, जिसमें भारतीय मजदूर संघ के सिद्धांतो व विचारों की व्याख्या करते हुये वक्ताओं ने भामसं के सिद्धांतो को कालजयी बताते हुये कहा कि जिन विचारों व सिद्धांतो को लेकर भारतीय मजदूर संघ 23 जुलाई सन् 1955 को प्रारंभ हुआ वे विचार अब 70 वर्ष की उम्र प्राप्त कर चुके है और मजदूर जगत में अब लाल सलाम के बजाय भारतमाता की जय के नारे लगने प्रारंभ हो गये है। अब देश के मजदूर आंदोलन में लाल झण्डे का नहीं बल्कि भगवा झण्डे ने स्थान ग्रहण कर लिया है, जहां देश के संगठित क्षेत्रों में भारतीय मजदूर संघ का काम तीव्र गति से बड़ा है वही असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के समस्याओं को भी देशभर में मुखर आवाज मिली है। यही कारण है कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा के लिये राज्य व केन्द्र की सरकारों ने अनेक योजनायें प्रारंभ की है जिनका लाभ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है। इसके बाद भी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की समस्यायें गंभीर है, उन्हे न तो न्यूनतम वेतन मिल रहा है न ही उन्हे भविष्य निधि का लाभ दिया जा रहा है और न ही चिकित्सा बीमा की सुविधा मिल पा रही है। अभी भी इस क्षेत्र में संघर्ष की काफी जरूरत है ताकि देश में शोषण के अंधकार को दूर किया जा सके। गोष्ठी व सभा में प्रमुख रूप से निर्मला साहू, भारती शर्मा, माया तिवारी, बबीता बाघमारे, धनेश्वरी साहू, हेमंत साहू, पुहुपदास साहू, दुकालू कौशिक, मणीराम साहू, लोकेश साहू, जयप्रकाश साहू, केशव सिन्हा, ठाकुर राम यादव, प्रताप साहू, संतराम सिन्हा, भारती बंजारे सहित बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भक्त तो बस परमात्मा को प्यार करते है और परमात्मा के ऐहसास में जीवन जीते है- आडवानी

राजनांदगांव(दावा)। सदुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से 21 जुलाई को संयोजक स्तरीय इंग्लिश मिडियम समागम का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन, लालबाग राजनांदगांव में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रायपुर से पधारे परम पूज्य महात्मा निखिल आडवानी जी ने बताया कि इंग्लिश मिडियम समागम की नींव 1973 में मंसुरी कॉन्फ्रेन्स के समय सदुरू बाबा, गुरूबचन सिंह जी महाराज ने रखी थी उसके बाद बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 2010 में इंग्लिश मिडियम पढने वाले बच्चों का साप्ताहिक सत्संग अंग्रेजी में होने लगा। आज सदुरू माता सुदीक्षा जी महाराज खुद भी अंग्रेजी भाषा की अच्छी जानकार है और देश-विदेश में जितने भी निरंकारी सत्संग भवन है वहा हर जोन में संयोजक स्तरीय और जोनल स्तरीय इंग्लिश मिडियम समागम का आयोजन सदुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है।

अंग्रेजी भाषा को आज इंटरनेशनल भाषा का दर्जा दिया गया है यह भाषा लगभग हर देश में बोली जाती है आज निरंकारी मिशन में सत्संग भवनों में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े भाई-बहन अंग्रेजी भाषा में सदुरू माता के विचार, गीत, कविताएं एवं भजन आदि को बहुत ही सुन्दर तरीके से सत्संग भवनों में बताये जाते है। माता जी प्रवचनों में कहा करती है कि भक्त का जीवन एक मुकम्मल इंसान का जीवन होता है ऐसा इंसान हर एक में उस तरह का व्यवहार करता है जैसा वास्तव में खुद वह है कोई दिखावा नही बल्कि उसके अंदर इंसानियत ही होती है जो बाहर भी झलकती है। भक्त तो बस परमात्मा को प्यार करते है और परमात्मा के ऐहसास में जीवन जीते है। यह जानकारी मिडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

दुष्यंत सेन बने छात्र युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। देश हित और समाज के प्रति रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य करने वाली सेवाभावी राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार के प्रदेश संयोजक नागेश यदु प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा किया गया जिसमें ग्राम बनबधेरा निवासी दुष्यंत कुमार सेन को राजनांदगांव जिला उपाध्यक्ष का पद पर नियुक्त किया गया।

दुष्यंत सेन ने बताया कि छात्र युवा मंच परिवार निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं हमें गर्व है कि हम संगठन के पदाधिकारी हैं जब से संगठन में जुड़कर निरंतर रचनात्मक व सकारात्मक कार्य करता रहूंगा। संगठन में कार्य करते मुझे अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, मुझे बहुत खुशी है कि मुझे राजनांदगांव जिला उपाध्यक्ष के पद का दायित्व मिला मैं अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करूंगा।

प्रतिभा सम्मान से सम्मानित हुए स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़िया महार समाज क्षेत्रीय इकाई कोहका, ग्राम पंचायत कोहका के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक बौद्ध भवन का लोकार्पण एवं तथागत गौतम बुध्द एवं डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती निर्मला सिन्हा ग्राम कोहका ग्राम सरपंच सावित्री बाई साहू, ग्राम पटेल नूतन सिंह ग्राम प्रमुख रामरतन एवं छत्तीसगढ़ महार समाज क्षेत्रीय इकाई कोहका के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लोकार्पण एवं अनावरण के पश्चात समाज द्वारा विधायक का सम्मान किया गया। इसके पश्चात समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष कार्य, समाज में एक पहचान बनाने और समाज का नाम रौशन करने पर विनोद कुमार टेम्बुकर पिता शत्रुहन टेम्बुकर ग्राम मलाईडबरी को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

विनोद टेम्बुकर ने बताया कि वह रक्तदान, पर्यावरण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण जैसे अन्य अनेक विषयों पर राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर समाज सेवा करते रहते है। उन्होंने बताया कि उन्हें समाजसेवा के ही क्षेत्र में उनके नेक कार्यो की सराहना करते हुए बिहार लखनऊ उत्तरप्रदेश में भी राष्ट्रीय पुरुष्कारों से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़िया महार समाज क्षेत्रीय इकाई कोहका सामाजिक जिला अध्यक्ष राजकुमार वाडेकर एवं समाज के सभी लोगों ने उनके कार्यो की सराहना किये और साथ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में समाज परिवार का नाम रौशन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

मनरेगा कर्मियों की बर्खास्तगी पर सवाल : मंत्री ने कहा- पूर्व सीएम और मंत्री के बीच का था मामला, बनी रहेगी नौकरी

रायपुर। बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक रोहित साहू ने मनरेगा कर्मचारी की बर्खास्तगी के बाद बहाली का मुद्दा उठाया। जवाब देते हुए मंत्री विजय शर्मा ने कहा - हड़ताल के चलते 21 मनरेगा कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था। कैबिनेट के फैसले के चलते उन्हें फिर से बहाल किया गया। तत्कालीन पंचायत मंत्री ने इसी बात को लेकर पुराने सीएम को पत्र लिखा था। तब पूर्व सीएम ने बहाली का नियम नहीं होने का हवाला दिया था। इसके चलते तत्कालीन पंचायत मंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। मंत्री के जवाब के बाद विधायक रोहित साहू ने फिर कहा कि, राष्ट्रहित में काम नहीं किया, इन्हे बर्खास्त किया जाए। तब मंत्री शर्मा ने कहा- यह पुराने सीएम और पंचायत मंत्री के बीच का मामला था। इन्हे हटाना अनुचित होगा, इनकी नौकरी बरकार रहेगी।

नक्सल क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग के लिए नई नीति

मानसून सत्र में बुधवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की पदस्थापना का मामला उठाया गया। कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी ने गृह मंत्री से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से पुलिसकर्मियों की मैदानी इलाकों में पदस्थापना का क्या प्रावधान है? पदस्थापना के लिए

विभाग के क्या दिशा निर्देश हैं? कर्मचारियों के लिए दिशा-निर्देश कब तक जारी होंगे, उनकी आवास की क्या व्यवस्था है?

54 साल के कम उम्र वाले पुलिसकर्मियों की नक्सल क्षेत्रों में तैनाती

इस सवाल का जवाब देते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा- ऐसे पद जो उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर प्रमोट होते हैं, उनकी कम से कम 3 सालों तक के लिए नक्सल क्षेत्रो में पदस्थापना की जाती है, या जिन कर्मचारियों की उम्र 54 वर्ष से कम है, उनकी भी पदस्थापना का प्रावधान है। नक्सल इलाकों में 3 साल नौकरी के बाद पुलिसकर्मियों की अन्य जिलों में पदस्थापना का प्रावधान है।

पिछले पांच साल में नहीं बनाए पुलिसकर्मियों के लिए आवास

उन्होंने बताया कि, नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिसकर्मियों की पदस्थापना का विभाग से दिशा निर्देश जारी है। पुलिस विभाग में पदस्थ कर्मचारियों के लिए 18,355 आवास उपलब्ध हैं। 898 आवास निर्माण किए जा रहे है, बाकी के आवास 2024 - 25 के मुख्य बजट में प्रावधानित है। श्री शर्मा ने कहा कि, पिछले 5 सालों में आवास को लेकर काम नहीं किया गया, इसलिए हमको ज्यादा काम करना पड़ेगा।

जल्द आएगी नई पोस्टिंग नीति - शर्मा

इस पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा- कुछ कर्मचारी 2 या 3 साल में नक्सल इलाकों से अपना ट्रांसफर करा लेते हैं, लेकिन कुछ 10 सालों से भी ज्यादा समय से वहीं नौकरी कर रहे हैं। उनके लिए भी अन्य जिलों में ट्रांसफर की नीति होनी चाहिए। इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा- नक्सल प्रभावित इलाकों में काम कर रहे पुलिसकर्मियों के लिए नीति बनाई जा रही है, जल्द ही नीति सबके सामने होगी। नीति आने के बाद किसी भी कर्मचारी को नेता मंत्रियों के दरवाजे पर स्थानांतरण के लिए चक्कर नही काटना पड़ेगा।

मुदलियार की अगुवाई में आंदोलन में शामिल हुए सैकड़ों कांग्रेसी

प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष व पूर्व सीएम से मिले

राजनांदगांव (दावा)। राजधानी रायपुर में कांग्रेस के विस घेराव आंदोलन में शामिल होने कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसियों ने बुधवार को कूच किया। प्रदर्शन के बीच मुदलियार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। मुदलियार व उनके साथ राजधानी पहुंचे कांग्रेसियों ने जमकर हल्ला बोला और बारिश के बीच भी विस घेराव के लिए निकले मार्च में शामिल हुए।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के चलते जो परिस्थितियां निर्मित हो रहीं हैं वे शांति का टापू कहलाने वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा की

असफल नीतियों और अकर्मण्यता का नतीजा है। प्रदेश कांग्रेस ने ऐसी सरकार को उसकी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने इस आंदोलन की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने प्रदर्शनकारियों को रौंदने की पूरी कोशिश की। उनपर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। सरकार के इस रवैये ने भी उनकी मानसिकता को स्पष्ट कर दिया है।

उन्होंने कहा कि, प्रदेश में सामुदायिक सौहार्द को आघात पहुंचाया जा रहा है। दंगों और मॉब लिचिंग की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। यह कतई उचित नहीं है। हत्या, बलात्कार, दुरचार के बढ़ते मामले भी चिंतित करने वाले हैं। महज 6-7 महीनों की भाजपा सरकार ने शांत प्रदेश में कमजोर शासन का जो उदाहरण पेश किया है वह निंदनीय है।

जिला न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ को दिलाई शपथ

राजनांदगांव (दावा)। जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण न्यायालय परिसर के मंथन सभाकक्ष में आयोजित गरिमामयी समारोह में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सामंत द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को संविधान के प्रति श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ कार्य करने नव नियुक्त पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को समवेत स्वर में शपथ दिलाया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने अपने संबोधन में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए न्याय के साथ समाज में न्यायपूर्ण समरसता पूर्वक कार्य करने के लिए नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं उपस्थित अधिवक्ता गणों को निरंतर सक्रिय रहने प्रोत्साहित किया।

जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा की हम अधिवक्ता न्याय मार्ग के पथ प्रदर्शक होते हैं और हम सब पूरी योग्यता, कर्मठता, निष्ठा के साथ अपने पक्षकारों को न्याय दिलाने में सहयोग करते हैं राजनांदगांव बार का एक स्वर्णिम इतिहास है कि बार और बेंच के बीच

परस्पर सामंजस्य से निर्बाध स्वच्छ न्याय प्रणाली स्थापित है और भविष्य में भी यह जारी रहे यही हम सबकी मंशा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ के निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने अपने संक्षिप्त संबोधन में चुनाव के संस्मरण सुनाते एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में सभी अधिवक्ता साथियों न्यायाधीशों के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र भी जिला न्यायाधीश के कर कमलों प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सचिव राजेश खांडेकर ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ता जयराज चौथवानी, नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष विजेंद्र जैन एवं नंद कुमार कमलेश्वर ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर वातावरण को खुशनुमा बनाया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता सहित न्यायालय कर्मचारीगण, अधिवक्ता लिपिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सांसद संतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन में वृक्षारोपण किया

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा कौरिनभांठा स्थित छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन मे वृक्षारोपण किया गया, इस शुभ अवसर पर समाज के अध्यक्ष शरद तिवारी, सचिव महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष अभ्यूदय पाण्डेय पूर्व पार्षद व अधिवक्ता नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, भारत भूषण दुबे, पोषण शुक्ला, सौरभ तिवारी, शुभांशु तिवारी, दीपेश चौबे, अरविन्द तिवारी, उमेश मिश्रा, आलोक श्रोती, दिनेश तिवारी

शिक्षक, दिनेश तिवारी बिजली विभाग, विवेक तिवारी, अथर्व शुक्ला, विवांश शुक्ला, रोहित तिवारी, अनूप तिवारी, अखिल शर्मा, अशोक शुक्ला, आशुतोष शर्मा, अजय तिवारी, अजय शर्मा, और विष्णु नंद चौबे आदि की उपस्थिति रही। महिला समाज से श्रीमती वंदना तिवारी, श्रीमती शकुन तिवारी, श्रीमती प्रभा शुक्ला, श्रीमती अर्चना शुक्ला, श्रीमती जयंती तिवारी, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती रोशनी तिवारी, श्रीमती ममता द्विवेदी, श्रीमती दीपिका शुक्ला, कु. अपूर्वा द्विवेदी, श्रीमती खुशी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

आराधना महिला मंडल ने किया शिक्षण सामग्री का वितरण

राजनांदगांव (दावा)। शहर की समाजसेवी संस्था आराधना महिला मंडल के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की तरह इस भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम बोरी के कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य समूह के सभी विषयों की पुस्तकों एवं कॉपियों का वितरण किया गया। विगत काई वर्षों से आराधना महिला मंडल द्वारा बोरी विद्यालय में शिक्षण सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस सेवा कार्य में आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उमा रूंगटा, सचिव श्रीमती प्रभा बरडिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती अल्का जानी के साथ सदस्य श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, श्रीमती आमोद दीक्षित, श्रीमती ईला पटेल, श्रीमती चन्द्रकला अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, श्रीमती भगवती खण्डेलवाल, श्रीमती शोभा चोपड़ा आदि सदस्य उपस्थित थे। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य कि कामना की और नवीन सत्र की बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 15 अगस्त तक बढ़ाया गया

मोबाइल ऐप से धारक खुद कर सकते हैं आवेदन

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 15 अगस्त 2024 तक बढ़ाया गया है। राशन कार्डधारक अपने मोबाइल से विभाग के ऐप के जरिए रिन्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिनके पास मोबाइल नहीं है वो उचित मूल्य दुकान पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

जिलों के कलेक्टरों को राशन कार्ड रिन्यू के निर्देश

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव ने आम नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे, ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन कर सकें। सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

मोबाइल ऐप के जरिए करा सकेंगे वेरिफिकेशन

राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का मोबाइल ऐप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही खाद्य विभाग की वेबसाइट से इस ऐप को डाउनलोड कर सत्यापन कर सकते हैं।

उचित मूल्य दुकान पर भी जाकर कर सकते हैं आवेदन

राशन कार्डधारक अपने मोबाइल में इस ऐप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही जिनके पास एंड्रायड मोबाइल नहीं है या नेट कनेक्टिविटी नहीं है, उनके लिए उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से राशन कार्ड के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा दी जा रही है।

तहसील कार्यालय परिसर में एसडीएम ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण आज तहसील परिसर में वृक्ष लगाओ ब्रम्हांड बचाओ संदेश के तहत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष नीम, कदम, करंज, गुलमोहर, बादाम आदि के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए अधिवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया कि वृक्षारोपण एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा, अधिवक्तागण श्रीमती गीता शुक्ला, जगदीप गरचा, एम.एल.साहू, बृजमोहन जोशी, अशोक श्रीवास, राजकुमार चंदेल, अनिल अंबादे, मनीष वर्मा, पंकज गुप्ता, सुनील बाजपेयी सहित लिपिक उपस्थित रहे।

निकहत परवीन खान ने किया यूनिवर्सिटी टॉप

पत्रकारिता में हासिल की पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री

राजनांदगांव (दावा)। विगत 8 वर्षों से समाजसेवा और पत्रकारिता को साथ लेकर चलने वाली निकहत परवीन ने भारती यूनिवर्सिटी दुर्ग में पीजीडीजेएमसी-पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा एंड मास कमयूनिकेशन की डिग्री में यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में दिव्यांग बच्चों की संस्था आस्था मूक बधिर शाला में सहसचिव पद पर रहकर सेवा कार्य कर रहीं निकहत परवीन खान ने पत्रकारिता जगत में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपना हर जगह श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

कई वर्षों के अंतराल के बाद उसने पढ़ाई प्रारंभ की और अपनी लगन और मेहनत के चलते 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पोस्ट ग्रेजुएशन एंड मास कॉम्युनिकेशन की डिग्री हासिल कर यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान का गौरव प्राप्त किया। उनका पत्रकारिता में एंकरिंग के श्रेष्ठ

प्रदर्शन के चलते कई सामाजिक संस्थाओं एवं प्रशासन के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। अपनी बेबाकी और शानदार न्यूज एंकरिंग का प्रदर्शन करने वाली निकहत परवीन ने सभी धर्म सम्प्रदाय के प्रेरणादायक, समाचारों को बहुत ही खूबसूरती के साथ प्रकाशित करने का काम किया जिसमें सभी समाज में जागरूकता लाई जा सके। सदभाव, भाईचारा, कल्याणकारी एवं जागरूकता अभियान में अमूल चूक योगदान देने वाली निकहत ने कोरोना काल मे एडिशनल एस. पी. सुरेशा चौबे के साथ राजनांदगांव की सभी कॉलोनियों में जाकर जागरूकता अभियान में सहभागी रहीं हैं, वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान 'निजात' महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभिव्यक्ति, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओं जैसे अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। अपनी गायकी और न्यूज एंकरिंग में मशहूर समाज सेविका निकहत परवीन को शुभचिंतकों ने बधाई दी।

आदर्श नगर में हुये 9 लाख 50 हजार रू. चोरी का हुआ खुलासा

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव को अज्ञात चोरों को पकड़ने में मिली एक और बड़ी सफलता मिली है। शहर के वार्ड नंबर 20 स्थित आदर्श नगर में हुये 9 लाख 50 हजार रू रूपये की चोरी का खुलासा हुआ है। अज्ञात चोरों ने सुने मकान का ताला तोड़कर 6 लाख नगदी एवं 3 लाख 50 हजार रू के जेवरात उड़ा ले गये थे। सभी आरोपी किराये की चार पहिया वाहन से चोरी करने डोंगरगढ़ आए थे। पुलिस ने आरोपीगण से नगदी रकम एवं सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 03 लाख 5हजार रूपये हुए बरामद किए। अज्ञात चोरों को पकड़ने पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले थे। पकड़े गये आरोपी आदतन चोर निकले, उनके खिलाफ विभिन्न थानों में अनेक अपराध दर्ज है।उनमें से एक आरोपी अजय जैन के विरूद्ध 18 से अधिक चोरी के प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज है। पुलिस दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, प्रार्थी शिवेन्द्र भगत निवासी आदर्श नगर वार्ड नं. 20 डोंगरगढ़ ने 7 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि 3 जुलाई को वह बाहर गांव गया था। 5 जुलाई को जब सहपरिवार वापस लौटा तो मकान का ताला एवं घर अंदर आलमारी का लाकर टुटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम सहित कुल- 9 लाख 50 हजार रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर अपराध क्र.- 385/2024 धारा- 331, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले पुलिस ने

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपीयो एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर निरीक्षक जितेन्द्र वर्भा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा अपने थाना स्तर पर एक टीम गठित किया एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया। उक्त दोनों टीम साथ

डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल को अज्ञात चोरों को पकड़ने में मिली बड़ी सफलता, दो अन्य फरार आरोपी का जारी है पता तलाश

मिलकर आपस में सामंजस्य मिलाकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश में जुट गये। गठित उक्त दोनों टीम के द्वारा 15 दिवस कड़ी मेहनत कर घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर एवं आरोपीगण द्वारा चोरी हेतु उपयोग किये वाहन के आधार पर आरोपी अजय कुमार जैन पिता सुरेश कुमार जैन एवं जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता विजय कुमार विश्वकर्मा को पकड़कर हिकमत अमली से पुछताछ करने पर पता चला कि पूर्व में केन्द्रीय जेल दुर्ग में बंद होने के दौरान आरोपी अजय जैन, सुरेन्द्र राव, जितेन्द्र विश्वकर्मा का दोस्ती हुआ था, जेल से रिहा होने के बाद तीनों बड़ी चोरी का योजना बनाकर योजना अनुसार दिनांक 04 जुलाई को एक सिल्वर रंग की सेन्ट्रो कार क्र.- सीजी-07/एम-0470 किराये में लेकर व राजेश निवासी ग्राम शिकारीमहका थाना छुरिया को भी अपने साथ में लेकर डोंगरगढ़ पहुंचे। जहां आदर्श नगर के एक सुने मकान में 05 जुलाई 2024 के दरमियानी रात्रि में ताला तोड़कर घर अन्दर घुसकर आलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं दीवान पलंग के अंदर रखे रूपये को चोरी कर भाग गये और चोरी में मिले जेवरात एवं रूपये को आपस में बांट लिये। आरोपी जितेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा अपने हिस्से के चोरी के रकम को अपने बैंक खाता में जमा करने से बैंक में शेष रकम 1 लाख 20 हजार रू. को फ्रिज कराया गया है।

आरोपीगण से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 35 हजार रू. सहित लगभग 3 लाख 5 हजार रू. बरामद कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अजय कुमार जैन की पत्नि दिव्या जैन द्वारा चोरी की सम्पत्ति है जानते हुये अपने पास छिपाकर रखने, इस चोरी के संबंध में पुरी जानकारी रखने व घटना की जानकारी को पुलिस से छिपाने में शामिल होने से उसे आरोपियो को धारा 317(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया, बाद तीनों आरोपी को न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

प्रकरण की आरोपी अजय जैन आदतन चोर है जिसके खिलाफ राजनांदगांव जिला में ही 18 प्रकरण चोरी के दर्ज है। प्रकरण के फरार अन्य दो आरोपियों का पता तलाश किया जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश बघेल, सउनि मुजीम रहमान कुरैशी, आरक्षक प्रयंश सिंह, गजेन्द्र भारद्वाज, चन्द्रप्रताप सिंह एवं सायबर सेल राजनांदगांव से प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, सउनि सुमन कर्ष, प्र.आर. बसंतराव, आरक्षक प्रवेश वर्मा, अमित सोनी, अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा, योगेश राठौर, मनोज खुंटे, आदित्य सिंह, हेमन्त साहू का विशेष योगदान रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com